रोहतक

बुधवार 8 जुलाई 2026

आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 30, अंक : 154
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 40.8°C
न्यून. 25.0°C

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




**अमरनाथ गुफा में पूरी तरह पिघला शिवलिंग**

जम्मू। अमरनाथ गुफा में प्राकृतिक बर्फ का शिवलिंग लगभग पूरी तरह पिघल गया है। अभी यात्रा के पांच दिन ही बीते हैं। 57 दिन चलने वाली यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी। यात्रा के पहले पांच दिनों में करीब एक लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में दर्शन कर लिए हैं।

# कहीं राहत तो कहीं आफत बनी बारिश

देशभर में मानसूनी बारिश का दौर जारी है। जम्मू-कश्मीर से लेकर केरलम तक कई राज्यों में बरसात से भूस्खलन हो रहे हैं। बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। वहीं, हरियाणा-पंजाब के लोगों को गर्मी से राहत मिली है।



- **जम्मू के डोडा में बादल फटने से आई बाढ़, घर और दुकानें दबीं**
- **महाराष्ट्र में 48 घंटे में 15 इंच बरसात स्कूल-कॉलेज बंद**
- **मध्य प्रदेश के 35 जिलों में तेज बारिश, सड़कों पर 3 फीट तक पानी**
- **बाघ नदी उफान पर, कार, जेसीबी और लोडर पानी में बहे**
- **गुजरात में बाढ़ जैसे हालात, घरों में घुसा पानी, लोग परेशान**
- **अरुणाचल में भारी बारिश, 94 हजार लोग प्रभावित**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देशभर में मानसूनी बारिश कहीं आफत तो कहीं राहत बनकर बरस रही है। पहाड़ी इलाकों में भूःस्खलन से जन-जीवन बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। वहीं, मैदानी क्षेत्रों में बारिश से लोगों को राहत मिली है। सोमवार को जम्मू-कश्मीर के डोडा में ऊपरी इलाके में बादल फटने से बाढ़ आ गई। पहाड़ों से पत्थर और मलबा गिरने से घर और दुकानों को नुकसान पहुंचा है। सड़कों पर कई गाड़ियां मलबे में दब गईं। महाराष्ट्र के कई जिलों में लगातार भारी बारिश हो रही है। मुंबई में पिछले 48 घंटे में करीब 15 इंच (380 मिमी) बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

मुंबई के सभी सरकारी और निजी स्कूल-कॉलेजों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। नासिक में भी सभी स्कूल और कॉलेज बंद हैं। त्र्यंबकेश्वर मंदिर और महाराष्ट्र के साढ़े तीन शक्तिपीठों में शामिल सप्तश्रृंगी मंदिर भी श्रद्धालुओं के लिए आज बंद रहेंगे। वहीं, मध्य प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 35 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। खजुराहो में सबसे ज्यादा 4.4 इंच बारिश दर्ज की गई। बमीठा में नेशनल हाईवे-39 पर 3 फीट तक पानी भर गया।



## वायनाड में लैंडस्लाइड, 2 की मौत

- **टैंकर-गाड़ियां बहा ले गई सुरंग की मिट्टी**
- **कई मलबे में दबे, जेसीबी से रेस्क्यू किया जा रहा**

**वायनाड।** केरलम के वायनाड में मंगलवार सुबह तेज बारिश के चलते लैंडस्लाइड हुई। हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई, 8 लोग घायल हुए हैं। कई लोगों के मलबे में दबे होने की सूचना है। हादसा कल्लाडी स्थित मीनाक्षी ब्रिज के पास हुआ। यहां मलप्पुरम-वायनाड टनल प्रोजेक्ट के कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है। टनल से मिट्टी निकालकर बाहर जमा की गई थी। बारिश के चलते मिट्टी खिसक गई, जिससे पेड़ उखड़ गए और बैरिकेड भी बह गए। हादसे का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, इसमें दिख रहा है कि 7 जुलाई को सुबह 11 बजकर 15 मिनट पर सुरंग से तेज लहर के साथ आया मलबा एक टैंकर को तिनके की तरह बहाकर ले गया। दो लोग इसके मलबे में फंसे। पुलिस, एनडीआरएफ की टीम रेस्क्यू कर रही है। मलबा हटाने के लिए जेसीबी मशीनें लगाई गई हैं। अधिकारियों के अनुसार, लगातार बारिश के कारण सोमवार से ही सुरंग कंस्ट्रक्शन का काम रोक दिया गया था। मलप्पुरम-वायनाड टनल प्रोजेक्ट के तहत मलप्पुरम को वायनाड से सुरंग (टनल) के जरिए जोड़ना है। टनल की लंबाई करीब लगभग 8.17 किमी है। इसकी लागत करीब 2,100–2,200 करोड़ है। दो साल पहले भी वायनाड में एक के बाद एक तीन भूस्खलन हुए थे, जिसमें 400 से ज्यादा जानें चली गई थीं।

## हरियाणा के 10 जिलों में झमाझम, 2-2 फीट पानी

- **गुरुग्राम में बारिश से एनएच-48 धंसा, 10 किमी लंबा जाम लगा**
- **रेवाड़ी, करनाल सोनीपत में सड़कें जलमग्न, रोहतक में हल्की बरसात**

**हरियाणा (हरिभूमि टीम)।** प्रदेश में मंगलवार को दोपहर बाद यमुनानगर, फरीदाबाद, रेवाड़ी, नूंह और गुरुग्राम सहित दस जिलों में तेज बारिश शुरू हो गई। गुरुग्राम के कई क्षेत्रों में दो-दो फीट पानी भर गया। नरसिंह पुर के पास नेशनल हाईवे नंबर 48 धंस गया है, जिसके कारण ट्रैफिक को डायवर्ट किया गया है। यहां 10 किमी लंबा जाम लगा हुआ है। सर्विसलेन के नाले में एक स्कूल बस भी फंस गई है। इससे देखते हुए ट्रैफिक पुलिस की तरफ से एडवाइजरी भी जारी की गई है। साथ ही धंसे हुए हिस्से की मिट्टी डालकर भरने का काम शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि अभी इसमें कई घंटे तक का समय लग सकता है। इसलिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा सुझाए वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग करें। उधर, रेवाड़ी, करनाल, सोनीपत में भी सड़कें डूबीं नजर आईं। रेवाड़ी शहर की मुख्य सड़कों पर तीन-चार फीट तक पानी भर गया। बोलेरो, स्कॉर्पियो जैसी गाड़ियों के फ्रंट मिरर तक पानी नजर आया। प्रदेश में 11 जुलाई तक मौसम का मिजाज बदला रहेगा।



रेवाड़ी में सड़कें बनीं तालाब



**14 समझौतों पर हस्ताक्षर**

# इंडोनेशिया को ब्रह्मोस मिसाइल देगा भारत

**जकार्ता (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के बीच मंगलवार को हुई बातचीत में भारत ने इंडोनेशिया को ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल और हवा से हवा में मार करने वाली अस्त्र मिसाइल की आपूर्ति पर सहमति जताई। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने व शांतिपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने के तरीकों पर भी चर्चा की। बढ़ती भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बीच, दोनों पक्षों ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए 14 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इन क्षेत्रों में दुर्लभ खनिज और स्टील आपूर्ति श्रृंखला, समुद्री सुरक्षा, दवाएं, शिक्षा, अंतरिक्ष, शोध एवं नवोन्मेष, दूरसंचार और खाद्य सुरक्षा शामिल हैं।

- **द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करेंगे दोनों देश**
- **शांतिपूर्ण हिंद-प्रशांत के लिए काम करने पर सहमत**

### भारत-इंडोनेशिया में कुछ-कुछ होता है : मोदी

पीएम मोदी ने मंगलवार शाम को जकार्ता में भारतीय लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यहां भारत का गाना 'कुछ-कुछ होता है' बहुत लोकप्रिय है। जब भारत-इंडोनेशिया साथ मिलकर चलते हैं तो कुछ-कुछ से भी आगे बढ़कर बहुत कुछ होता है। पीएम बोले- राष्ट्रपति प्रबोवो ने कहा था कि उनके अंदर भारत का डीएनए है। उनकी इस बात ने भारतीयों के दिलों को छू लिया था। भारत-इंडोनेशिया का डीएनए म्युचअल ट्रस्ट से बना है।

(संबंधित खबर पेज-8 पर)

# पर्ल्स ग्रुप घोटाला : डीआरओ जोगिंद्र शर्मा गिरफ्तार, 3 राज्यों में छिपाया 2.4 करोड़ कैश, तलाश रही पुलिस



जोगिंद्र शर्मा

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पर्ल्स ग्रुप जमीन घोटाले में एंटी करप्शन ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के पंचकूला डीआरओ जोगिंद्र शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। कोर्ट ने आरोपी को 7 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। जांच में सामने आया है कि आरोपी ने घोटाले से मिले अपने हिस्से के 2.4 करोड़ कैश को तीन राज्यों (दिल्ली, हिमाचल प्रदेश के मनाली और हरियाणा के भिवानी) में छिपा रखा है। आरोपी डीआरओ जोगिंद्र शर्मा ने वैज्ञानिक साक्ष्यों से बचने के लिए कोर्ट के आदेश के बाद भी अपना मोबाइल जांच एजेंसी को नहीं सौंपा था।

### तहसीलदार ने बताया साझेदार

रायपुररानी के तत्कालीन तहसीलदार विक्रम सिंगला को जब केस में पहले गिरफ्तार किया गया था, तो उन्होंने पूछताछ में खुलासा किया कि डीआरओ जोगिंद्र शर्मा इस खेल में उनका साझीदार था। जमीन के इस अवैध सौदे से मिले करोड़ों के मुनाफे का एक बड़ा हिस्सा डीआरओ को भी दिया गया था।

### यह है मामला

यह मामला पर्ल्स ग्रुप की उस 17.55 एकड़ जमीन की अवैध रजिस्ट्री और इंतकाल से जुड़ा है जिस पर सुप्रीम कोर्ट के लोढ़ा कमीशन द्वारा स्टे (रोक) लगाया गया था। रायपुररानी तहसील के तहत आने वाली इस विवादित जमीन को नियमों को ताक पर रखकर करीब 4.20 करोड़ से 7.87 करोड़ के फेरबदल में अवैध रूप से बेच दिया गया था। अधिकारियों ने एसडीएम की चेतावनियों को नजरअंदाज कर इस फर्जीवाड़े को अंजाम दिया।

**खबर संक्षेप**

### ओटीटी से हटाई दिलजीत की फिल्म 'सतलुज'?

**मुंबई।** मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालरा के जीवन पर आधारित अभिनेता दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सतलुज' को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 से हटा दिया गया। रिलीज के 48 घंटे के भीतर फिल्म को भारत में बैन कर दिया गया। यह फैसला फिल्म की बारीकी से समीक्षा करने के बाद लिया गया है। अधिकारियों को चिंता थी कि फिल्म के कुछ हिस्सों का भारत-विरोधी तत्वों द्वारा गलत इस्तेमाल किया जा सकता है।

**अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट केस**

## 38 दोषियों की फांसी बरकरार

- **गुजरात हाईकोर्ट का फैसला, 11 को उम्रकैद**

**अहमदाबाद।** गुजरात हाईकोर्ट ने मंगलवार को 2008 के अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट मामले में स्पेशल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। निचली अदालत ने फरवरी 2022 में 38 दोषियों को फांसी और 11 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। दोषियों ने इसके खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी। जस्टिस एवाई कोगजे और समीर दवे की बेंच ने निचली अदालत के फैसले के खिलाफ दायर सभी अपीलों को खारिज कर दिया। कोर्ट ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन से जुड़े लोगों की सजा को सही ठहराया। कोर्ट ने सरकार को 56 मृतकों के परिजन को 10-10 लाख रुपये और 200 से ज्यादा घायलों को 1-1 लाख रुपये मुआवजा देने का निर्देश भी दिया। कोर्ट ने कहा कि मुआवजा राशि का भुगतान 30 मार्च 2027 तक कर दिया जाए।

## पति को ड्रिप में टॉयलेट क्लीनर डाल मार डाला

- **पत्नी नर्स, एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर था, छत से धक्का भी दिया था**

**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना में एक नर्स ने प्रेमी के साथ मिलकर 35 साल के पति की हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, महिला ने 30 जून को अपने पति प्रशांत को छत से धक्का देकर मारने की कोशिश की थी। जब वह बच गया तो अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी नस में लगी ड्रिप में टॉयलेट क्लीनर इंजेक्ट कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी महिला 32 साल की संध्या, उसके प्रेमी अनिल और उसके दोस्त वेंकट साई को गिरफ्तार कर लिया है। जांच एजेंसियों का दावा है कि यह हत्या पहले से रची गई साजिश का हिस्सा थी, जिसकी वजह संध्या का एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर था। यह पूरी घटना निजामाबाद जिले के मोपाल मंडल के न्यालाकल गांव की है। इसकी खबर सोमवार को सामने आई।

# 2-0 से पिछड़ने के बाद आखिरी 14 मिनट में 3 गोल दाग जीता अर्जेंटीना




सेंट्रल डेस्क ▶▶| रोहतक

उताव-चढ़ाव वाले मैच में अर्जेंटीना ने मिस्र को 3-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। शुरुआत में 2-0 से पिछड़ने के बाद आखिरी 14 मिनट में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मैच को अपने पक्ष में कर लिया। मैच जीतने के बाद मेसी अपने खिलाड़ियों को गले लगाकर रोते नजर आए। मिस्र की ओर से 15वें मिनट में यासिर इब्राहिम ने शानदार गोल दागा और टीम को 0-1 की बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में एक बार फिर मिस्र की टीम ने कमाल किया और मोस्तफा जिको ने 67वें मिनट में दूसरा गोल दागकर अर्जेंटीना को मैच से लगभग बाहर कर लिया। अर्जेंटीना के लिए क्रिस्टियन रोमेरो ने 79वें मिनट और लियोनेल मेसी ने 83वें मिनट में गोल कर टीम की शानदार वापसी कराई। इसके बाद आखिरी समय में एन्ज़ो फर्नांडीज़ ने हेडर से गोल किया, इंजरी टाइम में अर्जेंटीना 3-2 से आगे हो गया।

### मेसी ने रचा इतिहास

- **एक ही वर्ल्ड कप में 8 गोल करने वाले दूसरे खिलाड़ी बने**

मिस्र के खिलाफ मैच से पहले सुपरस्टार लियोनेल मेसी ने एक गोल करके इतिहास रच दिया। मेसी अर्जेंटीना के इतिहास में एक ही वर्ल्ड कप में 8 गोल करने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने ऐसा कर गुइलेर्मो स्टैबिले की बराबरी कर ली है। साल 1930 के वर्ल्ड कप में गुइलेर्मो स्टैबिले ने 8 गोल करने में सफलता हासिल की थी। अब मेसी भी उस रिकॉर्ड की बराबरी करने में सफल हो गए हैं। इसके अलावा, मेसी 5 वर्ल्ड कप मैचों में गोल करने वाले छठे खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले जस्ट फोंटेन (फ्रांस, 1958), जाइरजिन्हो (ब्राजील, 1970), गर्ड मुलर (जर्मनी, 1970), रिवाल्डो (ब्राजील, 2002) और जेम्स रोड्रिगेज (कोलंबिया, 2014) यह कारनामा कर चुके हैं।


हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक एवं जनता TV

हरियाणवी म्यूज़िक अवार्ड 2026

हरियाणवी संगीत का गौरव — हरियाणवी संस्कृति, हमारी पहचान

1 अगस्त 2026 शनिवार

जीवीएम गर्ल्स कॉलेज, मुरथल रोड, सोनीपत (हरियाणा)

नॉमिनेशन की प्रक्रिया 4 जुलाई 2026 से शुरू

Category
- Haryanvi Rapper of the Year (Male & Female)
- Haryanvi Ragni Singer of the Year (Ghada-Bhenjo) (Male & Female)
- Haryanvi Ragni Singer of the Year (Pakka Saaz) (Male & Female)
- Haryanvi Desi Pop Singer of the Year (Male & Female)
- Haryanvi Devotional Singer of the Year (Male & Female)
- Haryanvi Lyricist of the Year
- Haryanvi Music Composer of the Year
- Haryanvi Master/Mixer of the Year
- Haryanvi Most Melodious Song of the Year

Only for songs released from 1 January 2025 to 31 December 2025

नॉमिनेशन के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करें
or visit our website at :
www.haribhoomi.com
Last Date : 12 July 2026

नॉमिनेशन के लिए पात्रता
- केवल हरियाणवी बोली में जारी किए गए गीत ही नामांकन हेतु मान्य होंगे।
- गीत/संगीत कृति का आधिकारिक रिलीज वर्ष 2025 (1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2025) के बीच होना अनिवार्य है।
- नामांकन संबंधित श्रेणियों के अनुसार गायक/गायिका, रैपर, गीतकार, संगीतकार, म्यूजिक मिक्सर एवं अन्य पात्र कलाकारों द्वारा किया जा सकता है।
- अगर आप एक से ज्यादा कैटेगरी के लिए खुद को नॉमिनेट करना चाहते हैं, तो आपको हर कैटेगरी के लिए अलग-अलग नॉमिनेशन फॉर्म भरना होगा।
- नॉमिनेशन फॉर्म केवल नॉमिनी या उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा ही भरा जा सकता है।
- कृपया सभी जानकारी सही एवं पूर्ण रूप से भरें। आयोजन समिति आवश्यक होने पर सभी प्रविष्टियों एवं दस्तावेजों का सत्यापन करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। अपूर्ण अथवा गलत जानकारी वाले आवेदन निरस्त किए जा सकते हैं।
- सभी नॉमिनेशन का मूल्यांकन निर्णायक मंडल द्वारा किया जाएगा, जिसका निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।
- किसी भी कैटेगिरी में पांच से कम प्रतिभागी/नॉमिनी रहने पर उस कैटेगिरी को रद्द कर दिया जाएगा।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें 7404443155 advthbtv@gmail.com

## खबर संक्षेप

### मां पर हत्या का आरोप लगा, 3 माह बाद कब्र से निकलवाया बच्चे का शव

**नूंह।** गांव सौंख में तीन माह पहले दफनाए गए बच्चे के शव को कब्र खोदकर निलवाया गया। इसे पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। यह मामला नगीना थाना क्षेत्र के गांव जैताका निवासी अख्तर से जुड़ा है, जिन्होंने वर्ष 2023 में अपनी बेटी अफसाना की शादी गांव सौंख निवासी साहिल से की थी। सितंबर 2025 में साहिल की एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। उस समय अफसाना गर्भवती थी। पति की मौत के लगभग दो महीने बाद अफसाना ने एक बेटे को जन्म दिया। इसके बाद वह अपने मायके गांव जैताका में रहने लगीं। कुछ समय बाद नवजात की तबीयत खराब हो गई और 5 मार्च को उसकी मृत्यु हो गई। नवजात के दादा शमशाद गांव के कुछ लोगों के साथ जैताका पहुंचे। वे बच्चे के शव को अपने साथ गांव सौंख ले गए और वहीं उसका दफना दिया। आरोप है कि दफनाने के दो दिन बाद नवजात के दादा शमशाद ने नगीना थाना पुलिस को लिखित शिकायत दी। उन्होंने अपनी बहू अफसाना, उसके पिता अख्तर, मां और भाई वकील पर नवजात की हत्या करने का आरोप लगाया। इस पर कार्रवाई आगे बढ़ाई गई है।

### पलवल में पेट्रोल पंप पर सेल्समैन से लूट

**पलवल।** जिले में नेशनल हाईवे-19 पर बहरौला गांव के पास एक पेट्रोल पंप पर सेल्समैन से मारपीट कर लूट की वारदात हुई है। पेट्रोल पंप मालिक अंजू अग्रवाल ने शिकायत दर्ज कराई है। रात करीब 12 बजे पांच युवक 2 दोपहिया वाहनों पर पंप पर आए। उन्होंने सेल्समैन दीपक को पीटकर 7500 रुपये लूटकर फरार हो गए। इनमें से दो बदमाश पहले रेकी कर पेट्रोल डलवाकर गए थे। पुलिस डिजिटल ट्रांजेक्शन की डिटेल व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लुटेरों की पहचान करने में जुटी हुई है।

### चानौत जल विवाद : ग्रामीणों का अनशन तुड़वाने वाले नेता पर कार्रवाई

# भाखड़ा पेयजल लाइन में अवैध टी लगाने का आरोपी पूर्व सरपंच सोमेश शर्मा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

गांव चानौत में भाखड़ा पेयजल पाइपलाइन पर कथित रूप से अवैध 'टी' कनेक्शन लगाने के मामले में पिछले 17 दिन से फरार चल रहे मुख्य आरोपी एवं चरखी दादरी के गांव धिकाड़ा के पूर्व सरपंच सोमेश शर्मा को सदर थाना पुलिस ने मंगलवार दोपहर रामायण टोल प्लाजा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सोमेश शर्मा कुछ साथियों के साथ हिसार से दिल्ली की ओर जा रहा था कि इसी दौरान सदर थाना पुलिस ने उसे टोल प्लाजा पर रोककर हिरासत में ले लिया।

पुलिस के अनुसार, सुमेश शर्मा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 304, 324 सहित अन्य संबंधित धाराओं तथा सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम (पीडीपीपी एक्ट) के तहत मामला दर्ज है।



हांसी। रामायणा टोल पर सोमेश शर्मा को पुलिस की गाड़ी में बैठाते अधिकारी।

गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड हासिल करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

जांच अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान विशेष रूप से यह पता लगाया जाएगा कि घटना में इस्तेमाल की गई 'टी' (टी-कनेक्शन) कहां से लाई गई थी, जेसीबी और हाइड्रा मशीनें किसने उपलब्ध करवाई थी तथा पूरे घटनाक्रम में किन-किन लोगों की संलिप्तता थी।

यदि जांच में किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता पाई जाती है तो उसके खिलाफ भी नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि सोमेश शर्मा खुद को भाजपा नेता बता रहा है और उसकी कई वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ तस्वीरें भी सामने आती रही हैं।

#### 20 जून को लगाया गया था 'टी' कनेक्शन

यह मामला 20 जून का है, जब गांव चानौत में पेयजल की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के दौरान भाखड़ा पाइपलाइन पर कथित रूप से अवैध 'टी' कनेक्शन लगाया गया था। सोमेश शर्मा ने 21 जून को चानौत धरना स्थल पर पहुंचकर दावा किया था कि सरकार ने गांव को 'टी' प्वाइंट देने की मांग स्वीकार कर ली है और पाइपलाइन से कनेक्शन का कार्य शुरू हो जाएगा। उन्होंने पांच अनशनरत बुजुर्गों को जूस पिलाकर उनका अनशन भी समाप्त कराया था। सोमेश शर्मा के दावे के अगले ही दिन जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता संजीव त्यागी ने स्पष्ट किया था कि विभाग ने किसी भी प्रकार के 'टी' प्वाइंट की अनुमति नहीं दी है। प्रशासन ने 22 जून को मौके पर पहुंचकर इस कनेक्शन को हटवा दिया था। इसके बाद जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता संजीव त्यागी की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने सोमेश शर्मा, धरना समिति के पदाधिकारियों और अन्य लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। तभी से उसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस पर लगातार दबाव बना हुआ था।

#### 53 दिन से चल रहा आंदोलन

राजली भाखड़ा हेड से हांसी शहर तक लगभग 30 किलोमीटर लंबी पेयजल पाइपलाइन अमृत-2 योजना के तहत करीब 80 करोड़ रुपये की लागत से बिछाई जा रही है। यह पाइपलाइन चानौत गांव से होकर गुजरती है। ग्रामीणों की मांग है कि जब पाइपलाइन उनके गांव से होकर निकल रही है तो उन्हें भी इसी योजना से पेयजल कनेक्शन दिया जाए। दूसरी ओर प्रशासन का कहना है कि यह परियोजना विशेष रूप से हांसी शहर की पेयजल आपूर्ति के लिए स्वीकृत है, इसलिए योजना के दायरे में गांव को इससे पानी उपलब्ध नहीं कराया जा सकता। इसी मांग को लेकर चानौत में पिछले 53 दिन से आंदोलन चला आ रहा है।

## युवक के हाथ-पैर बांध डंडों से पीटकर की हत्या

- आरोपी पिता-पुत्र के पास पहले ट्रैक्टर चलाता था रवि
- रवि को फोन कर खेत पर बुलाया और कमरे में ले जाकर की जानलेवा मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

गांव दिनोद में एक युवक की हाथ पांव बांधकर पीट-पीटकर हत्या कर दी। गांव दिनोद निवासी 23 वर्षीय रवि के ताऊ दुलीचंद के अनुसार, गांव के ही एक पिता-पुत्र ने रवि को फोन कर अपने खेत में बुलाया। जब रवि वहां पहुंचा तो दोनों ने उसके हाथ-पैर बांध दिए और खेत में बने कमरे में ले जाकर लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट की। गंभीर रूप से घायल रवि को आरोपी अधमरी हालत में कमरे के बाहर छोड़कर फरार हो गए। कुछ देर बाद परिजनों को घटना की जानकारी मिली तो वे उसे तुरंत भिवानी के नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उपचार के बाद रवि को मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि जब रवि मिला तो उसके हाथ पर रस्सी बंधी हुई थी। बताया जा रहा है कि रवि करीब दो साल पहले आरोपियों के यहां ट्रैक्टर चलाने का काम करता था। रवि तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ा था और अविवाहित था। उसके परिवार में एक छोटा भाई और एक बहन है।

## पुलिस कर्मचारियों व बदमाश के बीच मुठभेड़, पैर में गोली मार किया काबू

**कुरुक्षेत्र।** पिहोवा में मंगलवार देर शाम हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे-152 पर फूलगढ़ गांव के पास सीआईए-1 की टीम और एक बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से हुई फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लगी। घायल आरोपी की पहचान संजय उर्फ दीपू रंधावा, निवासी फौजी प्लॉट, पिहोवा के रूप में हुई है। उसका कुरुक्षेत्र के एलएनजेपी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 32 बोर की एक पिस्टल बरामद की है। पुलिस के मुताबिक, संजय हाल ही में पिहोवा में फौजी प्लॉट पर हुए जानलेवा हमले के मामले में वांछित था। आरोप है कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर जिला परिषद सदस्य सचिन कुमार, निवासी सतोड़ा की हत्या का प्रयास किया था।

## करंट से तड़प रहे युवक को बचाने गया, खुद जान गंवाई

- दूसरा युवक भी जयपुर के अस्पताल में मौत से जंग लड़ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

करंट से तड़प रहे युवक को बचाने के लिए दौड़ा करीब 24 वर्षीय चेतराम खुद हाइटेंशन लाइन की चपेट में आ गया और उसकी जान चली गई। जिस हरीश को बचाने के लिए उसने अपनी जान जोखिम में डाली, वह भी जयपुर के अस्पताल में मौत से जंग लड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी हरीश कुमार डीजे बजाने का कार्य करता है। सोमवार रात करीब साढ़े 11 बजे एक कार्यक्रम में डीजे बजाकर वह अपने घर लौटा था। डीजे का सामान अभी पिकअप वाहन में रखा था। उसे बारिश और धूल से बचाने के लिए वह वाहन पर तिरपाल डाल रहा था। उसी दौरान ऊपर से गुजर रही हाइटेंशन बिजली लाइन से उसे करंट लग गया और वह वाहन के पास ही तड़पने लगा। संयोग से उसी समय गांव के दौलतराम (चाचा) और चेतराम (भतीजा) खेत से वापस लौट रहे थे। उन्होंने हरीश को करंट से तड़पते देखा तो चेतराम बिना कुछ सोचे-समझे उसे बचाने के लिए दौड़ पड़ा, लेकिन जैसे ही उसने हरीश को बचाने का प्रयास किया, वह भी करंट की चपेट में आ गया। आसपास के लोगों ने बिजली आपूर्ति बंद कराई और दोनों को तुरंत नारनौल के एक निजी अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने चेतराम को मृत घोषित कर दिया, जबकि हरीश की गंभीर हालत को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर कर दिया गया।



चेतराम



हरीश

#### 10 साल पहले पिता का हो चुका निधन

पूर्व सरपंच सुरेंद्र पाराशर के अनुसार चेतराम अविवाहित था। उसके पिता सुरेश कुमार की 2016 में मौत हो गई थी तथा अब उसका दूसरा भाई ही उनके परिवार का सहारा बचा है। दूसरी ओर हरीश भी अपने परिवार का एकमात्र बेटा है। उसके पिता का भी निधन हो चुका है। हरीश विवाहित है और उसके एक बेटा तथा एक बेटी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता देने के साथ गांव से गुजर रही हाइटेंशन बिजली लाइन की जांच कराने की मांग की है।

### 25 संगीन मामलों में आरोपियों की प्रॉपर्टी पर कार्रवाई

## दो बदमाशों के ठिकानों पर चला बुलडोजर कब्जा कर बनाई दुकान-मकान गिराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

अपराधियों के खिलाफ जिला प्रशासन और पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इलाके के दो कुख्यात बदमाशों के अवैध ठिकानों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें पूरी तरह जमींदोज कर दिया। यह कार्रवाई जिला प्रशासन के सहयोग से धनकोट क्षेत्र में की गई।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार कुख्यात अपराधी नरेंद्र उर्फ पव्वा और सन्नी उर्फ डोगरा ने धनकोट इलाके में अवैध रूप से एक मकान का निर्माण करवाया हुआ था। सिर्फ इतना ही नहीं, प्रशासन की अनुमति के बिना इस परिसर के भीतर अवैध रूप से बोरवेल भी किया गया था। इस ठिकाने का इस्तेमाल आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने और छिपने के लिए किए जाने की आशंका थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और जिला प्रशासन ने मिलकर इस अवैध ढांचे को ढहाने का फैसला किया। इस कार्रवाई को अंजाम देने से पहले गुरुग्राम पुलिस ने पूरी पुख्ता योजना तैयार की थी। पुलिस टीम ने सबसे पहले गांव धनवापुर और धनकोट के आस-पास इन दोनों अपराधियों की संपत्तियों का गहन सर्वे करवाया। सर्वे में यह बात पूरी तरह साफ हो गई कि बनाया गया मकान और ढांचा पूरी तरह अवैध है।



गुरुग्राम। धनकोट इलाके में दो बदमाशों की प्रॉपर्टी को गिराने की कार्रवाई करती टीम।

फोटो : हरिभूमि

#### हत्या के प्रयास और डकैती में दर्ज हैं केस

जिन बदमाशों के ठिकानों पर यह बुलडोजर चला है, उनका पुराना और लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। आरोपी नरेंद्र उर्फ पव्वा के खिलाफ हत्या का प्रयास करने, बेरहमी से मारपीट करने, डकैती डालने और शस्त्र अधिनियम (आर्म्स एक्ट) के उल्लंघन सहित विभिन्न गंभीर आपराधिक धाराओं के तहत कुल 12 मामले दर्ज हैं। वहीं, उसके साथी सन्नी उर्फ डोगरा का ट्रैक रिकॉर्ड भी बेहद खौफनाक है। सन्नी पर हत्या का प्रयास, मारपीट, डकैती और आर्म्स एक्ट जैसी संगीन वारदातों के कुल 13 केस दर्ज हैं। दोनों आरोपी इलाके में दहशत का पर्याय बने हुए थे।

## एचटेट परीक्षा की ड्राफ्ट उत्तरकुंजी जारी 9 जुलाई तक दर्ज होगी ऑनलाइन आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

**100 रुपये प्रति प्रश्न के हिसाब से लगेगी फीस**

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष शंकर लाल धूपड़ एवं सचिव मुनीश शर्मा ने प्रेस वक्तव्य में बताया कि शिक्षा बोर्ड द्वारा 4 व 5 जुलाई को संचालित करवाई गई हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा-2025 लेवल-1 (पीआरटी), लेवल-2 (टीजीटी) व लेवल-3 (पीजीटी) से संबंधित सभी विषयों की ड्राफ्ट उत्तरकुंजी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर 6 जुलाई से सार्वजनिक कर दी है। उन्होंने बताया कि यदि किसी अभ्यर्थी को प्रश्न-पत्र बुकलेट में दिए गए किसी भी प्रश्न अथवा उत्तरकुंजी में दिए गए किसी भी प्रश्न के उत्तर (विकल्प) के बारे में कोई आपत्ति है तो इस संबंध में पूर्ण तथ्यों/साक्ष्यों सहित 9 जुलाई सायं 5 बजे तक निर्धारित शुल्क 100 रुपये प्रति प्रश्न अनुसार जमा करवाते हुए अपनी आपत्ति बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए गए पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज करवा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि यदि किसी प्रश्न के संबंध में दर्ज करवाई गई आपत्ति सही पाई जाती है तो ऐसी स्थिति में उस प्रश्न के लिए जमा करवाया गया शुल्क अभ्यर्थी को परीक्षा परिणाम घोषित होने से तीन मास के अन्दर-अन्दर अभ्यर्थी द्वारा उपलब्ध करवाए गए बैंक खाते में वापिस कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रश्न पत्र व उत्तरकुंजी के संबंध में 9 जुलाई 2026 सायं 5 बजे के पश्चात किसी भी माध्यम से प्राप्त होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

## साइबर ठगी में 2 नाइजीरियन गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** पुलिस ने साइबर ठगी के आरोपी में नाइजीरिया मूल के 2 नागरिकों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों बिजनेस वीजा लेकर भारत आए थे, लेकिन वीजा खत्म होने के बाद वापस नहीं गए और दिल्ली एनसीआर में ठिकाना बनाकर साइबर ठगी करने लगे। आरोपियों की पहचान केल्विन ओग्बू और किंगस्ले इमेका ओजोबू के रूप में हुई है। दोनों करीब 35 साल के हैं। आरोपी सोशल मीडिया पर विदेशी महिला बनकर दोस्ती करके विश्वास बनाते थे। इसके बाद एयरपोर्ट पर रुपए खत्म होने का झांसा देकर रुपये ठगने का काम करते थे। पुलिस ने इनके पास से एक मोबाइल बरामद किया है। इन्होंने गुरुग्राम के एक व्यक्ति से इसी तरह फ्रॉड कर 63,500 रुपए ट्रांसफर करवा लिए थे। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है।

### रोडवेज चालक व परिचालक पर शामली में हमला

**सोनीपत।** देहरादून से सोनीपत लौट रही रोडवेज बस पर यूपी के शामली में हमला हो गया। चालक संदीप के अनुसार देहरादून से एक युवक बस में सवार हुआ। वह महिला यात्रियों के सामने भीगे कपड़े बदलने लगा। उसे पीछे जाकर कपड़े बदलने के लिए कहा तो वह झगड़ने लगा। इसके बाद शामली पहुंचते ही 3 बाइकों पर सवार 8 से 10 युवक लाठी-डंडे लेकर बस में चढ़ गए। उन्होंने चालक व परिचालक पर हमला कर दिया। हमलावर बस के शीशे तोड़कर भागने लगे, लेकिन यात्रियों ने दो युवकों को पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया।

## रोजगार निगम में 14 युवकों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर 4.57 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत नौकरी लगवाने का झांसा देकर 4 लाख 57 हजार 450 रुपये की ठगी का केस दर्ज हुआ है। आरोपी ने 14 लोगों की नौकरी लगाने का दावा करते हुए किस्तों में रुपये लिए और बाद में वाट्सएप पर फर्जी ज्वाइनिंग लेटर भेज दिया।

पुलिस को दी शिकायत में गांव नंदकरण माजरा निवासी नरेश कुमार ने बताया कि वह स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत है। साल 2018 में राजौंद अस्पताल में नौकरी के दौरान उसकी पहचान गांव जाखौली निवासी संजू से हुई थी। दिसंबर 2025 में आरोपी ने एचकेआरएन के माध्यम से नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया और प्रति अभ्यर्थी 31 हजार 675 रुपये मांगे। उसने अपने 14 रिश्तेदारों के लिए अलग-अलग तारीखों में कुल 4.57 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। आरोपी ने 7 जनवरी 2026 को व्हाट्सएप पर जॉइनिंग लेटर भेजा, जो बाद में फर्जी निकला। न तो नौकरी लगी और न ही रुपये लौटाए गए। अब धमकी भी दे रहा है।

## नशा तस्करों ने नाका तोड़कर जवान को उड़ाया, दो को गिरफ्तार कर 163.53 ग्राम हेरोइन की बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

नशा तस्करों के खिलाफ फतेहाबाद पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। टोहाना में पुलिस का नाका तोड़कर और एक होमगार्ड जवान को घायल कर भाग रहे दो शातिर हेरोइन तस्करों को पुलिस ने दबोच लिया। आरोपियों के कब्जे से कुल 163.53 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल होने वाली मारुति ब्रेजा गाड़ी को भी अपने कब्जे में ले लिया है।

मंगलवार को थाना शहर टोहाना के प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम चंडीगढ़ रोड टोहाना नाके पर मुस्तैद थी। गुप्त सूचना मिली कि राहुल ढिल्लो उर्फ राठा और सिकंदर नाम के दो नशा तस्कर पंजाब की तरफ से एक ब्रेजा गाड़ी में नशा लेकर टोहाना की ओर आ रहे हैं। पुलिस टीम ने जब गाड़ी को रुकने का इशारा किया तो चालकों ने गाड़ी की स्पीड और बढ़ा दी। तस्करों ने पुलिस नाके को तोड़ते हुए भागने का प्रयास किया, जिसमें वहां तैनात होमगार्ड जवान अंग्रेज सिंह को जोरदार टक्कर लगी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात को अंजाम देकर आरोपी रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस टीम ने पीछा करते हुए दोनों आरोपियों राहुल ढिल्लो उर्फ राठा निवासी बक्सी गली, टोहाना और सिकंदर निवासी फतेहाबाद को दबोचा। आरोपी राहुल की पेंट की जेब से 10.24 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर रास्ते से फेंकी गई 153.29 ग्राम हेरोइन भी बरामद कर ली।






## खबर संक्षेप

### सीजेपी के एक्स पर बैन हटेगा: उच्च न्यायालय



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोशल मीडिया पर शुरू हुई मुहिम 'कॉकरोच जनता पार्टी' के एक्स हैंडल को बहाल करने का आदेश दिया है। मंगलवार को पारित अपने फैसले में कोर्ट ने केंद्र के अकाउंट ब्लॉक करने के आदेश को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने अवरोधक आदेश के खिलाफ सीजेपी संस्थापक अभिजीत दीपके की याचिका पर यह फैसला दिया।

### ईडी ने कोलकाता में पांच ठिकानों पर छापे मारे

**कोलकाता/नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने टीएमसी के बैंक खातों से कथित तौर पर धन का हेरफेर कर 'एम्ब्रेयर' विमान और 'अगस्ता वेस्टलैंड' हेलीकॉप्टर खरीदे जाने के मामले में कोलकाता में कई जगहों पर छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि बंगाल की राजधानी में करीब पांच परिसरों पर छापेमारी की। इनमें 'केयरवेल ग्रुप ऑफ कंपनीज' के ठिकाने भी शामिल हैं, जो 'केयरवेल एविएशन' नाम से निजी विमान किराये पर देने वाली व्यावसायिक इकाई का संचालन करती है।

### महाराष्ट्र की राजनीति में फिर हलचल बढ़ी

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज़ है। अटकलें हैं कि शरद पवार की एनसीपी



(शरद पवार) नया राजनीतिक रास्ता तलाश रही है। चर्चा है कि कांग्रेस में विलय की संभावना कमजोर पड़ने के बाद पार्टी अब सत्ता पक्ष(एनडीए) के साथ जाने के विकल्प पर मंथन कर रही है। हालांकि पार्टी दावों को सिरे से खारिज कर रही है। भाजपा भी नकार रही है।

### सपा ने दुबे को मानहानि का नोटिस भेजा

**लखनऊ।** सपा ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को मानहानि का कानूनी नोटिस भेजा है। यह



कार्रवाई अयोध्या के कथित चढ़ावा गड़बड़ी मामले के आरोपी टिन्नू यादव को लेकर सोशल मीडिया पर किए गए दावों और पोस्ट के बाद की गई है। इअध्यक्ष अखिलेश यादव ने दुबे को पोस्ट हटाने के लिए चेतावनी दी थी।एक्स पर लिखा था सांसदों को समान अधिकार प्राप्त हैं।

### इस्कॉन की रथ यात्रा रोकने सरकार को पत्र



**नई दिल्ली।** श्री जगन्नाथ मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष और गजपति महाराजा दिव्यसिंह देव ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। उन्होंने उनसे आग्रह किया कि इस्कॉन की ओर से दुनियाभर में भगवान जगन्नाथ की समय से पहले निकाली जा रही 'स्नान यात्रा' और 'रथ यात्रा' को रोकने के लिए हस्तक्षेप करें।

---

## नड्डा ने की उच्च स्तरीय अंतर मंत्रालयी बैठक

# युवाओं की सक्रिय भागीदारी से 'टीबी मुक्त भारत अभियान' को जन आंदोलन बनाएं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार को 'टीबी मुक्त भारत अभियान' को राष्ट्रव्यापी जन-आंदोलन में तब्दील करने में सहयोग के लिए देश की युवा शक्ति से सहयोग का आह्वान किया। नड्डा ने युवा मामले और खेल तथा श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया तथा रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के साथ एक उच्च-स्तरीय अंतर-मंत्रालयी बैठक की अध्यक्षता करते हुए देश में तपेदिक (टीबी) उन्मूलन अभियान में स्वयंसेवकों, शिक्षण संस्थानों, कार्यस्थलों और रक्षा कर्मियों की अधिक भागीदारी का आह्वान किया। स्वास्थ्य मंत्री ने रेखांकित किया कि तपेदिक का उन्मूलन करने के लिए 'सरकार और समाज, दोनों के मिलकर काम करने' वाले नजरिए की जरूरत है।

### अबतक 28 करोड़ से अधिक संवेदनशील की जांच की जा चुकी




नड्डा ने कहा कि 'टीबी मुक्त भारत अभियान' को देशव्यापी जन–आंदोलन बनाने के लिए भारत के युवाओं की शक्ति का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। उन्होंने युवा मामले और खेल मंत्रालय से कहा कि वे 'टीबी मुक्त भारत टोली' मॉडल को मज़बूत करने, जांच शिविर के लिए स्वयंसेवकों को एकत्र करने और स्कूलों, कॉलेजों व समुदायों में जागरूकता कार्यक्रमों को तेज करके अभियान में 'माई भारत' स्वयंसेवकों और नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) कैडेट की भागीदारी बढ़ाएं।

### स्वास्थ्य योजनाओं और जन स्वास्थ्य कार्यक्रमों को परखा

**नई दिल्ली।** केंद्र और राज्यों के बीच स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाने की दिशा में अहम पहल के तहत केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने मंगलवार को केरल के स्वास्थ्य मंत्री के. मुरलीधरन के साथ वर्चुअल समीक्षा बैठक की। बैठक में राज्य में चल रही प्रमुख स्वास्थ्य योजनाओं और जनस्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति का विस्तृत आकलन किया।

---

# बाजवा करेंगे मध्यस्थता, समझाइश देंगे अनुशासनहीनता पर नेताओं को नोटिस

**चंडीगढ़।** चुनाव से पहले पंजाब कांग्रेस दोफाड़ न हो, इसके लिए नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा मध्यस्थता करते हुए प्रदेश प्रभारी भूपेश बघेल के साथ विवाद को शांत करवाने का प्रयास करेंगे। बघेल ने मध्यस्थता की अहम जिम्मेदारी बाजवा को सौंपी हैं।

इसी प्रकरण में अनुशासनहीनता पर घनौर के पूर्व विधायक को पंजाब कांग्रेस की अनुशासन कमेटी ने नोटिस जारी कर दिया है। चंडीगढ़ पहुंचते ही बघेल कांग्रेस भवन जाने के बजाय सीधे नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा के घर पहुंचे।



यहां उन्होंने बाजवा के साथ 45 मिनट बातचीत की। बघेल ने इस दौरान बाजवा को सभी नाराज नेताओं की उनसे बैठक करवाने की जिम्मेदारी सौंपी है।

इसकी पुष्टि करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि पार्टी एकजुट रहे, वरिष्ठ नेता होने के नाते यह उनकी भी जिम्मेदारी है। जिन नेताओं के मतभेद है, वे सभी उनके संपर्क में हैं।

### मनमुटाव व गलतफहमियां जल्द दूर होंगी: गहलोत

*कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने पार्टी की पंजाब इकाई से जुड़े हालिया घटनाक्रमों को लेकर मंगलवार को कहा कि पार्टी आलाकमान पूरे मामले से अवगत है*



*और उन्हें (गहलोत को) उम्मीद है कि मनमुटाव तथा गलतफहमियां जल्द दूर हो जाएंगी। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने यहां संवाददाताओं से कहा कि 'पंजाब में जो फैसले हुए हैं, उनको लेकर जो खबरें आ रही हैं, उसकी जानकारी आलाकमान के लोगों को है। वे पूरे मामले को देख रहे हैं। हमें उम्मीद है कि मनमुटाव और गलतफहमियों की जो बातें सामने आई हैं।*

---


## केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जारी की चेतावनी

# व्हाट्सएप-टेलीग्राम पर निवेश के ऑफर्स से रहें सावधान

### कोई भी वैध निवेश या स्टॉक मार्केट प्लेटफॉर्म लाभ की गारंटी नहीं दे सकता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

व्हाट्सएप और टेलीग्राम पर 'गारंटीड रिटर्न' का लालच देकर लोगों को ठगने वाले साइबर अपराधियों का नेटवर्क तेजी से सक्रिय हो रहा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने ऑनलाइन निवेश के बढ़ते घोटालों के प्रति नागरिकों को आगाह किया है। मंत्रालय का कहना है कि साइबर अपराधी व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे मैसेजिंग प्लेटफॉर्म का उपयोग कर पीड़ितों को त्वरित, उच्च और गारंटीकृत रिटर्न का लालच देकर फंसा रहे हैं। इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर द्वारा जारी परामर्श में निवेशकों से आग्रह किया गया है कि वे किसी भी निवेश के अवसर पर धन लगाने से पहले पूरी तरह सतर्क रहें और उसकी पुष्टि अवश्य करें। धोखेबाज व्हाट्सएप और टेलीग्राम पर फर्जी निवेश समूह बनाकर खुद को स्टॉक मार्केट विशेषज्ञ या प्रतिष्ठित वित्तीय फर्मों के प्रतिनिधि के रूप में पेश करते हैं। वे विश्वास पैदा करने के लिए वीआईपी स्टॉक टिप्स, मनगढ़ंत सफलता की कहानियों और विशेष निवेश अवसरों का दावा साझा करके उपयोगकर्ताओं को आकर्षित करते हैं।



### स्टॉक टिप्स के वादों को बड़े खतरे का संकेत

अधिकारियों ने गारंटीकृत रिटर्न और वीआईपी स्टॉक टिप्स के वादों को बड़े खतरे का संकेत माना है। परामर्श में स्पष्ट किया गया है कि कोई भी वैध निवेश या स्टॉक मार्केट प्लेटफॉर्म लाभ की गारंटी नहीं दे सकता। जांचकर्ताओं के अनुसार, अपराधी पीड़ितों द्वारा शुरुआती निवेश के बाद फर्जी ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पर मनगढ़ंत मुनाफा दिखाते हैं।

### ऐसे करें सुरक्षा

- किसी भी अनजान ग्रुप में निवेश संबंधी सलाह पर भरोसा न करें
- 100% गारंटीड रिटर्न, रोजाना निश्चित कमाई या बिना जोखिम के निवेश जैसे दावों से सावधान रहें
- निवेश से पहले संबंधित कंपनी, प्लेटफॉर्म व उसके लाइसेंस की जांच करें
- केवल आधिकारिक और विश्वसनीय निवेश प्लेटफॉर्म का ही उपयोग करें
- किसी भी व्यक्ति के कहने पर बैंक खाते में सीधे पैसे ट्रांसफर न करें
- ओटीपी, बैंक डिटेल, यूपीआई पिन या पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें
- किसी अनजान लिंक पर क्लिक करने या संदिग्ध ऐप डाउनलोड करने से बचें

### ठगी होने पर तुरंत करें शिकायत

यदि आपके साथ ऐसी कोई साइबर ठगी हो जाती है, तो बिना देर किए अपने बैंक को सूचित करें ताकि संदिग्ध लेनदेन को रोका जा सके। साथ ही, तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर भी ऑनलाइन शिकायत करें। समय रहते की गई शिकायत से ठगी गई राशि को वापस पाने की संभावना बढ़ सकती है।

---

### करणी सेना नेता हिमांशु सिंह की हत्या के मामले में पांच और लोग गिरफ्तार

**जमशेदपुर (भाषा)।** करणी सेना के नेता हिमांशु सिंह की हत्या के मामले में पांच और लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिससे पकड़े गए लोगों की कुल संख्या 10 हो गई है। एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस मामले की जांच के लिए गठित एसआईटी ने पहले ही पांच लोगों को पकड़ा था, जिनमें तीन नाबालिग शामिल थे। पूर्वी सिंहभूम के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किए गए पांच लोगों में एक बार के मालिक होने के साथ झारखंड में भाजपा के व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक नीरज सिंह और बार प्रबंधक विजय महानंद शामिल हैं। छेड़छाड़ की घटना को लेकर हुए झगड़े के बाद, 28 जून की देर रात हिमांशु और प्रत्यूष को पुलिस के गश्ती वाहन से खींचकर पुलिस की मौजूदगी में घातक हथियारों से बेरहमी से हमला कर दिया गया।

---

## दिल्ली दंगा केस: हाईकोर्ट में सुनवाई

# यूएपीए मामले में अतहर खान की जमानत याचिका खारिज

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने वर्ष 2020 में राजधानी के उत्तर-पूर्वी हिस्सों में हुए दंगों के पीछे कथित 'बड़ी साजिश' को लेकर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज मामले में गिरफ्तार अतहर खान को जमानत देने से मंगलवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह और न्यायमूर्ति मधु जैन की पीठ ने अधीनस्थ न्यायालय के 29 जनवरी को इस मामले में राहत देने से इनकार करने के आदेश को चुनौती देने वाली अतहर की अपील को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि वह 'दंगों के दौरान हत्या कराने की साजिश रचने वाले मुख्य षड्यंत्रकर्ताओं में से एक' था, न कि 'केवल स्थानीय स्तर का कोई गुर्गा'।




■ 'मुख्य साजिशकर्ता' होने के दिखे सबूत: दिल्ली हाईकार्ट

---

### पंजाब: गुटों के बीच झड़प में दो युवकों की मौत

**संगरूर (भाषा)।** पंजाब के संगरूर जिले के धूरी शहर में मंगलवार को दो विरोधी गुटों के बीच हुई झड़प में दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान अनिल कुमार और देव कुमार के रूप में हुई है, जो धूरी के ही रहने वाले थे। पुलिस के अनुसार, दोपहर के समय कक्कड़वाल चौक पर दोनों गुटों के सदस्यों के बीच किसी बात को लेकर बहस शुरू हुई, जो बाद में हिंसक झड़प में बदल गई। इस घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि उन्हें तुरंत धूरी के नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### अन्नाद्रमुक के दो विधायक पलानीस्वामी की बैठक में नहीं पहुंचे, पार्टी छोड़ने की चर्चा तेज

**चेन्नई (भाषा)।** पूर्व राज्य मंत्री के. सी. वीरमणि और अरकोट से विधायक एस. एम. सुकुमार मंगलवार को यहां अन्नाद्रमुक प्रमुख पलानीसामी की अध्यक्षता में हुई पार्टी की बैठक में शामिल नहीं हुए। इससे पार्टी में एक नए संकट की अटकलें तेज हो गई हैं, जो पहले से ही बड़े नेताओं के पार्टी छोड़ने का सामना कर रही है। दोनों नेताओं की इस अनुपस्थिति को पार्टी के भीतर संभावित असंतोष के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। राज्य के पूर्व मंत्री डॉ. सी. विजयभास्कर व एमआर विजयभास्कर समेत मरगथम कुमारवेल, एस. जयकुमार, पी. सत्यभामा और एसाक्की सुबाया जैसे अन्य सदस्य पहले ही विधायक पद से इस्तीफा देकर सत्तारूढ़ टीवीके में शामिल हो चुके हैं।

---

# जयपुर में ट्रेलर ने परिवार को रौंदा, चार लोग की मौत

एजेंसी ▶▶| जयपुर

जयपुर में तेज रफ्तार ट्रेलर ने फुटपाथ पर बैठे एक परिवार के 5 लोगों को कुचल दिया। हादसे में तीन बच्चों और पिता की मौत हो गई। मां के दोनों पैर टूट गए। हादसा इतना भीषण था कि बच्चों के शवों के चिथड़े उड़ गए। एक बच्चे के शव के दो टुकड़े हो गए। सभी लोग नाले में गिर गए। हादसा श्याम नगर थाना क्षेत्र के 200 फीट बाइपास पर कमला नेहरू नगर में मंगलवार सुबह 8:46 बजे हुआ। मृतकों की पहचान राजसमंद के जैतपुरा निवासी चंद्रप्रकाश (40) और उनके बेटों रमेश (11), रतन (10), दीपक (8) के रूप में हुई है। चंद्रप्रकाश की पत्नी कैलाशी (35) गंभीर रूप से घायल है। कैलाशी के दोनों पैर टूट गए हैं। एसएमएस हॉस्पिटल के ट्रॉमा में इलाज चल रहा है।



बच्चों के शव टुकड़ों में नाले में गिरे, मां के पैर टूटे

### गांव जाने के लिए बस का इंतजार रहे थे

हादसे का शिकार बागरी समाज का परिवार वैशाली नगर में गांधी पथ पर फुटपाथ पर रहता था। फुटपाथ पर झाड़ू बनाकर बेचता था। आज सुबह गांव जाने के लिए बस का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान ट्रेलर रेलिंग को तोड़ते हुए माता-पिता और तीनों बच्चों को कुचल दिया। तीनों बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल माता-पिता को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। पिता की इलाज के दौरान मौत हो गई।

---

# जालंधर में आर्मी ट्रक ने 5वीं की छात्रा को कुचला

**जालंधर (एजेंसी)।** जालंधर कैंट में स्कूल के बाहर आर्मी के ट्रक की चपेट में आने से 5वीं की छात्रा की मौत हो गई। वह अपनी सहेलियों के साथ स्कूल के बाहर बस का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान वहां से आर्मी का ट्रक निकला, ड्राइवर ने यहां यू-टर्न लिया। इसी दौरान छात्रा ट्रक की चपेट में आई और उसके सिर के ऊपर से पहिया निकल गया। हादसे की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। बेटी का खून से लथपथ शव देख पिता बेहोश हो गया। मृतका की पहचान सोढल निवासी पायल के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। आर्मी का ये ट्रक कैंट जा रहा था। जानकारी के अनुसार, हादसा जालंधर कैंट स्थित केंद्रीय स्कूल-3 (केवी-3) के बाहर शाम करीब 4 बजे हुआ। छुट्टी के बाद केवी-4 स्कूल की बस बच्चों को लेने के लिए केवी-3 के बाहर पहुंची थी। उसी समय 5वीं कक्षा की छात्रा पायल भी अपनी सहेलियों के साथ बस का इंतजार कर रही थी। स्कूल की छुट्टी होने के कारण वहां बच्चों की आवाजाही सामान्य रूप से चल रही थी। इसी दौरान आर्मी का एक ट्रक स्कूल के पास पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक ड्राइवर ने वाहन को मोड़ने के लिए यू-टर्न लेना शुरू किया।

**सहेलियों के साथ स्कूल के बाहर बस का इंतजार कर रही थी**

---

## चढ़ावा चोरी पर चंपत राय की पहली चिट्ठी

# एसआईटी की रिपोर्ट के बाद सभी आरोपों का जवाब दूंगा

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में आरोपों से घिरे पूर्व महासचिव चंपत राय ने मंगलवार को श्रीरामचरितमानस की चौपाई लिखकर अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा- 'धीरज धर्म मित्र अरु नारी, आपद काल परिखिअहिं चारी'। मतलब- धैर्य, धर्म, मित्र और पत्नी इन चारों की वास्तविक परीक्षा संकट के समय ही होती है। चंपत राय ने राम भक्तों के नाम हाथों से लिखा लेटर भी जारी किया। इसमें लिखा- राम मंदिर में दानपात्र की गणना के समय की गई चोरी को लेकर मेरे ऊपर अनर्गल आरोप लगाए गए हैं, मैंने मौन धारण कर लिया है। सोमवार को ट्रस्ट की बैठक में



एसआईटी की प्रारंभिक रिपोर्ट पेश की गई, जो अब सार्वजनिक हो चुकी है। जबकि रिपोर्ट परम गोपनीय थी। आप सभी को भरोसा देता हूं कि एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट आने के बाद मैं अपने ऊपर लगाए गए सभी आरोपों और दुष्प्रचार का तथ्यात्मक जवाब दूंगा। सच्चाई सबके सामने आ जाएगी। चंपत राय ने यह भी लिखा कि उन्हें अक्टूबर 1991 में संगठन ने अयोध्या भेजा था। मेरा करीब 45 सालों का सार्वजनिक जीवन खुली किताब की तरह है।

---

# बिल्डर के दफ्तर पर गोलीबारी के मामले में पांच काबू, मुख्य आरोपी मुठभेड़ के बाद पकड़ा

**नई दिल्ली।** सेंट्रल दिल्ली के पहाड़गंज स्थित आर्य नगर में बिल्डर के ऑफिस में हुई फायरिंग के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने एनकाउंटर के बाद वारदात के मुख्य आरोपी पवन पहलवान को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के दोनों पैर में गोली लगी है। खबर लिखे जाने तक इसके खिलाफ हत्या के प्रयास समेत संबंधित धाराओं में केस भी दर्ज किया जा रहा था। आला अधिकारी दोपहर साढ़ 12 बजे मामले पर प्रेसवार्ता करने की बात कह रहे थे। पुलिस सूत्र ने बताया कि 6-7 जुलाई की दरमियानी रात सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट पुलिस को सूचना मिली कि पहाड़गंज के एक बिल्डर के यहां गोली चलाने वाली की सटीक लोकेशन की सूचना मिली। सूचना के आधार पर टीम ने इलाके में ट्रैप लगाया। आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस टीम ने भी गोलियां चलाईं, जिसमें आरोपी के दोनों पैरों में गोली लग गई।

### यह है पूरा मामला

29 जून की शाम करीब 5 बजे नबी करीम पुलिस को पहाड़गंज के आर्य नगर के ऑफिस पर गोली चलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि एक बिल्डर के ऑफिस में गोलियां चली हैं। आरोपी पवन पहलवान है, जिसने रंगदारी नहीं देने पर वारदात को अंजाम दिया है। वह पहले भी कई कारोबारियों को धमका कर रंगदारी वसूल चुका है, जिसके बाद मामले में केस दर्ज किया गया।

---

# ब्लड टेस्ट से शुरुआती कैंसर की होगी पहचान रिलायंस की स्ट्रैंड लाइफ साइंसेज को मिला पेटेंट

**बेंगलुरु।** रिलायंस इंडस्ट्रीज की सहायक कंपनी स्ट्रैंड लाइफ साइंसेज को ऐसी तकनीक के लिए भारतीय पेटेंट मिला है, जो सिर्फ ब्लड सैंपल के जरिए कैंसर की शुरुआती पहचान और उसके संभावित स्रोत का पता लगाने में मदद कर सकती है। यह प्लेटफॉर्म सेल-फ्री डीएनए का विश्लेषण करता है और इसमें जीनोम सीक्वेंसिंग, बायोलॉजिकल डेटा एनालिसिस और मशीन लर्निंग का इस्तेमाल होता है।कंपनी के मुताबिक इस तकनीक की खासियत कैंसर से जुड़े डीएनए पैटर्न में बदलाव को पहचानना है, ताकि बीमारी का पता शुरुआती चरण में लगाया जा सके और मरीजों को बेहतर इलाज का मौका मिल सके। फिलहाल बड़ी संख्या में मरीजों में कैंसर की पहचान बीमारी के गंभीर चरणों में ही हो पाती है। स्ट्रैंड लाइफ साइंसेज के सीईओ रमेश हरिहरन ने कहा कि यह पेटेंट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित लिक्विड बायोप्सी टेक्नोलॉजी के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी का लक्ष्य ऐसे समाधान विकसित करना है, जो कैंसर स्क्रीनिंग को अधिक सटीक, बड़े पैमाने पर लागू करने योग्य और सुलभ बना सकें।

---

## केतन अग्रवाल मर्डर केस में खुलासा

# सिया ने चेतन से 4 महीने पहले सीक्रेट मैरिज की

**पुणे(एजेंसी)।** पुणे के केतन अग्रवाल मर्डर केस में सिया और चेतन को लेकर नई जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि सिया गोयल ने केतन से सगाई के बाद अपने प्रेमी चेतन चौधरी से गुपचुप शादी कर ली थी। दावा है कि शादी करीब चार महीने पहले पुणे के रजिस्ट्रार ऑफिस में हुई थी। पुलिस मैरिज सर्टिफिकेट और दूसरे सबूत जुटा रही है। सिया की दो कॉलेज सहेलियों से भी पूछताछ की जा रही है। दावा है कि दोनों शादी में गवाह थीं। मीडिया रिपोर्ट्स



के मुताबिक, पुलिस एक इंस्टाग्राम अकाउंट से डिलीट की गई तस्वीरें भी रिकवर करने की कोशिश कर रही है। इन तस्वीरों में सिया और चेतन वरमाला पहने नजर आ रहे थे। पुलिस को शक है कि दोनों ने स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत शादी रजिस्ट्रेशन कराया था।

---

# देशभर में बंद 58 इंजीनियरिंग कॉलेज

## हरियाणा, ओडिशा, उत्तराखंड और बंगाल में भी 1-1 कॉलेज बंद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजूकेशन ने देशभर के 58 इंजीनियरिंग और टेक्निकल कॉलेज बंद करने का फैसला लिया है। इसके साथ ही 950 से ज्यादा कोर्स भी बंद कर दिए गए हैं। हालांकि जिन छात्रों ने पहले से इन कॉलेजों में एडमिशन ले रखा है, उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है। उनकी पढ़ाई पहले की तरह जारी रहेगी और वे डिग्री पूरी कर सकेंगे। हरियाणा, ओडिशा, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में भी 1-1 कॉलेज बंद किया गया है। सबसे ज्यादा 12-12 कॉलेज उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में बंद किए गए हैं। इसके बाद मध्यप्रदेश में 8 कॉलेज बंद हुए हैं। तेलंगाना और पंजाब में 4-4, आंध्र प्रदेश और राजस्थान में 3-3, जबकि गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडु और पुडुचेरी में 2-2 कॉलेज बंद हुए हैं। इस सूची में छत्तीसगढ़ से एक भी इंजीनियरिंग महाविद्यालय नहीं है। कई जगह योग्य शिक्षक नहीं थे और कुछ संस्थान जरूरी सुविधाओं व तय नियमों को भी पूरा नहीं कर पा रहे थे। मौका देने पर सुधार नहीं हुआ।

### यह है 'प्रोग्रेसिव क्लोजर'

*इस फैसले के तहत कॉलेज धीरे-धीरे बंद किए जाते हैं। यानी नए छात्रों का दाखिला रोक दिया जाता है, लेकिन जो छात्र पहले से पढ़ रहे हैं, उनकी पढ़ाई पूरी कराई जाती है इसे ही 'प्रोग्रेसिव क्लोजर' कहा जाता है। गौरतलब है कि इन महाविद्यालयों को गुणवत्ता संबंधित मापदंड पूरा नहीं करने के कारण ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजूकेशन द्वारा बंद किया गया है, जबकि छग में जो भी इंजीनियरिंग महाविद्यालय हाल के वर्षों में बंद हुए हैं, उन्होंने स्वेच्छा से अपने संस्थान बंद करने आवेदन दिए थे।*

---


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प रोहतक | झज्जर जिले में राजकीय बहुतकनीकी झज्जर में ईआई, स्ट्रीट लाइट और सीलिंग फैन की विशेष मरम्मत + 1 कार्य। | 06.07.2026 13.07.2026 | 18.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प कैथल | कैथल में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स की छत की मरम्मत। | बंद होने की तिथि 13.07.2026 | 45.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896320998 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | सदर्न बाईपास हिसार जिला पर डीएवी स्कूल से आरओबी एलसी-4ए के सर्विस रोड तक कनेक्टिविटी का सुधार करने के लिए बालसमंद सब ब्रांच पर आरसीसी पुल का निर्माण। | बंद होने की तिथि 13.07.2026 | 490.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प सिरसा | सिरसा जिले में आंतरिक शहरी भाग रोड (पुराना एनएच-10) निकट चत्तरगढ़ पट्टी फाटक (एलएचएस) पर स्टॉर्म वाटर लाइन बिछाने के लिए एमसी सिरसा द्वारा क्षतिग्रस्त रोड के पुनरोद्धार हेतु डीएनआईटी (जीएसटी के बिना)। | 06.07.2026 13.07.2026 | 20.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 5 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | मिठी सुरेरा :- एडीईएन/एचएमएच के तहत ऐलनाबाद-नोहर सेक्शन (पेयजल हेतु) पर कि.मी. 2.95 से 4.23 पर रेलवे ट्रेक के नीचे गुजरने के लिए 1×500 मिमी डाया डी.आई. के-9 पाइप के लिए प्रस्तावित 1×900 मिमी डाया एम.एस. केसिंग पाइप और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 04.07.2026 10.07.2026 | 37.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 6 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बा :- मिनी बाईपास रोड से केलनिया रोड सिरसा पर 1100 मिमी आई/डी आरसीसी क्षतिग्रस्त सीवर लाइन को बदलने (बकाया कार्य) और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य के लिए डीएनआईटी। | 04.07.2026 10.07.2026 | 20.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 7 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हिसार | वार्ड नं. 18 और 19 आजाद नगर हिसार टाउन में आईपीएस गंगवा डिस्पोजल, साकेत कॉलोनी डिस्पोजल, नवदीप कॉलोनी डिस्पोजल पर इंजीनियर-इन-चार्ज की संतुष्टि तक सभी प्रकार से पूर्ण ल्यूब्रिकेशन ग्लेन डोरी इत्यादि समेत सबमर्सिबल पम्प्स, स्टार्टर, केबल, एनआरवीएस, स्लूइस वॉल्व समेत पम्पिंग मशीनरी के लिए व्यापक रखरखाव हेतु जॉब वर्क + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 10.07.2026 | 14.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662-247033 eephisar@gmail.com |
| 8 | बी.पी.एस. राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां, सोनीपत | रेस्प. मेडिसन विभाग के लिए उपकरण मद अर्थात पॉलीसोम्नोग्राफी मशीन की अधिप्राप्ति हेतु ई-निविदा + 14 अन्य कार्य। | 07.07.2026 16.07.2026 | ईएमडी 1.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416803361 bpsgmc.purchase@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2027/160/46946/I/88/6 दि. 07.07.26

# स्पेन की अभेद्य दीवार सिमोन, 6 'क्लीन शीट', बना वर्ल्ड रिकॉर्ड



## गोलकीपर उनाई ने 609 मिनट तक गोल नहीं खाने के अपने रिकॉर्ड को किया मजबूत

**आर्लिंगटन।** स्पेन ने फीफा विश्व कप में रक्षात्मक मजबूती का नया इतिहास रचते हुए लगातार 6 मैचों में 'क्लीन शीट (बिना गोल खाए मुकाबला समाप्त करना)' का विश्व रिकॉर्ड बना दिया। प्री-क्वार्टर फाइनल में पुर्तगाल पर 1-0 की जीत के साथ स्पेन ने यह उपलब्धि हासिल की। वहीं गोलकीपर उनाई सिमोन ने लगातार 609 मिनट तक गोल नहीं खाने के अपने विश्व कप रिकॉर्ड को और मजबूत कर लिया। स्पेन ने इस उपलब्धि के साथ 1990 में इटली और 2006-10 के दौरान स्विट्जरलैंड के लगातार पांच क्लीन शीट के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। स्पेन का यह सिलसिला 2022 विश्व कप के प्री-क्वार्टर फाइनल में मोरक्को के खिलाफ 0-0 के ड्रॉ से शुरू हुआ था।

## स्पेन ने स्विट्जरलैंड के 5 क्लीन शीट के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा

### सिमोन ने बनाया नया रिकॉर्ड

मौजूदा विश्व कप में स्पेन ने ग्रुप चरण के पहले मैच में केप वर्डे के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेला। इसके बाद टीम ने लगातार चार मुकाबलों में विपक्षी टीम को गोल करने का मौका नहीं दिया और क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। स्पेन के गोलकीपर उनाई सिमोन ने लगातार 609 मिनट तक गोल नहीं खाने का नया रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने नॉकआउट चरण के पहले मुकाबले में ही ऑस्ट्रिया पर 3-0 की जीत के दौरान 517 मिनट के पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया था। इससे पहले यह रिकॉर्ड इटली के महान गोलकीपर वाल्टर जेंगा के नाम था, जिन्होंने 1990 विश्व कप में लगातार पांच क्लीन शीट के साथ 517 मिनट तक विपक्षी टीम को गोल नहीं करने दिया था।

## तालियों के बीच विदाई
### अधूरा रह गया रोनाल्डो का सपना

**अर्लिंग्टन।** विश्व फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर अपना आखिरी मैच खेलने के बाद पुर्तगाल के सुपरस्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो जब मैदान से बाहर जा रहे थे तो दर्शकों ने तालियां बजाई, जिसका उन्होंने हाथ हिला कर आभार भी व्यक्त किया लेकिन उनके चेहरे पर निराशा साफ झलक रही थी। अपना छठा और आखिरी विश्व कप खेल रहे 41 वर्षीय सुपरस्टार रोनाल्डो का विश्व कप जीतने का सपना राउंड ऑफ 16 के मैच में पड़ोसी प्रतिद्वंद्वी स्पेन से 1-0 की हार के साथ टूट गया। उन्हें मैच के पहले हाफ में गोल करने का एकमात्र मौका मिला था लेकिन सर्वाधिक लंबे समय तक गोल नहीं खाने का रिकॉर्ड बनाने वाले गोलकीपर उनाई साइमन ने शानदार छलांग लगाकर उनके प्रयास को नाकाम कर दिया। रोनाल्डो लगातार छह विश्व कप में गोल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे ज्यादा गोल (146) और सर्वाधिक मैच खेलने वाले (233) खिलाड़ी रोनाल्डो का फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर करियर यहीं पर समाप्त हो गया। अपने करियर में कई खिताब जीतने वाले रोनाल्डो इस तरह से कभी विश्व कप विजेता नहीं बन पाए।



## 16 साल बाद क्वार्टर फाइनल में स्पेन, पुर्तगाल को 1-0 से हराया

अर्लिंगटन। मिकेल मेरिनो ने दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम के पहले मिनट में गोल किया, जिससे स्पेन ने पुर्तगाल को 1-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मेरिनो को गिराने पर रेफरी ने फाउल का फैसला सुनाया। पुर्तगाल के बर्नार्डो सिल्वा बहस करने लगे, तभी मेरिनो ने गेंद वापस ली, उसे अपने साथियों के साथ मिलकर आगे बढ़ाया और आखिर फेरान टोरेस से पास लेकर गोलकीपर डियोगो कोस्टा को आसानी से छकाकर गोल दाग दिया।स्पेन ने 2010 में अपना एकमात्र



विश्व कप खिताब जीतने के बाद पहली बार क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका मुकाबला शुक्रवार को कैलिफोर्निया के इंगलवुड में बेल्जियम से होगा। अपना छठा विश्व कप खेल रहे मेरिनो 85वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरे और उन्होंने जल्द ही अपना वह जलवा दिखा दिया, जिसकी बदौलत आर्सेनल ने इस साल 20 से अधिक वर्षों में अपना पहला प्रीमियर लीग खिताब जीता था।




## मेजबान अमेरिका का सफर खत्म, बेल्जियम ने दी मात



**सिएटल।** चार्ल्स डी केटेलेरे ने दो गोल किए और एक गोल करने में मदद की, जिससे बेल्जियम ने अमेरिका को 4-1 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई और मेजबान टीम की अपनी घरेलू धरती पर अंतिम आठ में पहुंचने की उम्मीद को खत्म कर दिया। इस मैच में अमेरिका की रक्षापंक्ति की कमजोरी भी उजागर हो गई, जिसका बेल्जियम ने पूरा फायदा उठाया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्तक्षेप के कारण पिछले मैच में लाल कार्ड मिलने के बावजूद इस मैच में खेलने वाले अमेरिका के स्टार फॉरवर्ड फोलारिन बालोगुन की मौजूदगी से उसकी टीम को मजबूती मिली थी लेकिन वह कोई कमाल नहीं दिखा पाए। केटेलेरे ने पहले हाफ में अपने दोनों गोल (नौवें और 33वें मिनट) रक्षापंक्ति की गलतियों का फायदा उठाकर किए। इस बीच मलिक टिलमैन ने 31वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके अमेरिका को बराबरी दिलाई थी लेकिन बेल्जियम ने जवाबी हमला करते हुए 61 सेकंड बाद ही फिर से बढ़त हासिल कर ली। बेल्जियम की तरफ से यह गोल हैंस वानाकेन ने 57वें मिनट में किया। रोमेलु लुकाकू ने स्टॉपेज टाइम के तीसरे मिनट में बेल्जियम का अंतिम गोल दागा।

## खबर संक्षेप



### इंडिया आने की बना रहा हूं योजना : जोकोविच

**नई दिल्ली।** मौजूदा समय में क्रिकेट और टेनिस दुनिया की सर्वाधिक खेलों में शुमार है। क्रिकेट के दिग्गज विराट कोहली और टेनिस के दिग्गज सर्बिया के नोवाक जोकोविच अच्छे दोस्त हैं। फिलहाल विंबलडन में हिस्सा ले रहे जोकोविच जल्द भारत आने और विराट कोहली के साथ क्रिकेट खेलने की बात कही है। जोकोविच ने कहा, मैं विराट कोहली के साथ कुछ क्रिकेट और टेनिस खेलना पसंद करूंगा। मैं जल्द ही इंडिया आने की योजना बना रहा हूं। हम इस बारे में बात कर रहे हैं। मुझे पता है कि विराट एक वैश्विक स्टार हैं, लेकिन खासकर भारत में, वह कमाल के हैं। मैं चाहूंगा कि वह मेरे मेजबान बनें और मुझे घुमाएं। मेरे मन में उनके और भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत सम्मान है।

### नहीं रहे अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज जादरान

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज शापूर जादरान का 38 साल की उम्र में निधन हो गया। वह एक दुर्लभ और जानलेवा बीमारी 'हीमोफैगोसाइटिक लिम्फोहिस्टियोसाइटोसिस'



(एचएलएच) से पीड़ित थे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जादरान ने 2009 से 2020 के बीच अफगानिस्तान के लिए 44 एकदिवसीय और 36 टी20 मैच खेले। एचएलएल एक 'हाइपर-इंफ्लेमेटरी सिंड्रोम' है जो प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर देता है। मंगलवार को अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने उनके निधन की घोषणा की। एसीबी ने 'एक्स' पर लिखा, 'बहुत दुख और अफसोस के साथ अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड अफगानिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शापूर जादरान के निधन पर शोक व्यक्त करता है।'

# फेरी ने किया उलटफेर, दिमित्रोव को रोमांचक मुकाबले में हराया

### फेरी ने पहली बार ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| लंदन

घरेलू दर्शकों के चहेते आर्थर फेरी ने शानदार वापसी करते हुए विंबलडन के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। उन्होंने पूर्व विश्व नंबर-3 ग्रिगोर दिमित्रोव को रोमांचक मुकाबले में 7-5, 3-6, 4-6, 6-4, 7-6 (10-7) से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। यह ग्रैंड स्लैम के इतिहास में पहली बार था जब पुरुष एकल के प्री-क्वार्टरफाइनल (अंतिम-16) या उससे आगे के दौर में दो वाइल्ड कार्ड खिलाड़ियों का आमना-सामना हुआ।

यह मुकाबला उतार-चढ़ाव से भरपूर रहा और विंबलडन के इतिहास में यादगार मैचों में शामिल हो गया। दिमित्रोव ब्रिटेन के तीसरे नंबर के खिलाड़ी आर्थर फेरी के खिलाफ दो सेट से एक की बढ़त पर थे और चौथे सेट में दो बार सर्विस ब्रेक की बढ़त भी बना चुके थे। लेकिन 4-3 और 15-0 की बढ़त के बाद दिमित्रोव लगातार 11 अंक गंवा बैठे। उनके खेल में आए इस अप्रत्याशित गिरावट का फायदा उठाकर फेरी ने मुकाबला बराबरी पर ला दिया।



### 23 वर्षीय फेरी ने किया कौशल का प्रदर्शन

सेंटर कोर्ट पर अपने पहले ही मुकाबले में 23 वर्षीय फेरी ने उम्र से कहीं अधिक परिपक्वता, कौशल और साहस का प्रदर्शन किया। निर्णायक सेट के टाई-ब्रेक में उन्होंने पहला ही मैच प्वाइंट भुना लिया, जब दिमित्रोव का बैकहैंड नेट में जा फंसा। फेरी अब पुरुष एकल ड्रॉ में बचे एकमात्र ब्रिटिश खिलाड़ी हैं। वह ओपन युग में विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले केवल छठे ब्रिटिश पुरुष खिलाड़ी बने हैं। उनसे पहले यह उपलब्धि एंडी मरे, टिम हेनमैन, रोजर टेलर, ग्रेग रुसेडस्की और कैमरून नॉरी ने हासिल की थी।

### अब कोबोली से होगा सामना

फेरी इससे पहले कभी किसी ग्रैंड स्लैम में दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए थे। अब उनका सामना फ्रेंच ओपन (रोलां गैरो) के उपविजेता फ्लावियो कोबोली से होगा, जिन्होंने पांचवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनॉर को 7-5, 7-6 (4), 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। फेरी की शीर्ष-100 में एंट्री पहले ही तय हो चुकी थी। बड़े मौकों पर जिस आत्मविश्वास और संयम के साथ उन्होंने प्रदर्शन किया, उससे यह संकेत मिला कि पेरिस में जन्मे इस खिलाड़ी, जिन्हें 'क्रॉस-चैनल फेरी' भी कहा जाता है, की विश्व रैंकिंग भविष्य में और ऊंची जा सकती है।

### इंग्लैंड ने 125 रन से जीता मुकाबला, सीरीज में 2-0 की बढ़त

# भारत ने टी-20 में दूसरा सबसे छोटा स्कोर बनाया, 76 रन पर ऑलआउट

एजेंसी ▶▶| नॉटिंघम

भारत ने टी-20 इंटरनेशनल में अपना दूसरा सबसे छोटा स्कोर बनाया। ट्रेंट ब्रिज में 202 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम 11.4 ओवर में 76 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत का टी-20 में सबसे छोटा स्कोर 74 रन है। यह टोटल टीम ने 2008 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न में बनाया था। वैभव सूर्यवंशी ने 13 रन बनाए। कप्तान श्रेयस अय्यर, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, अक्षर पटेल, तिलक वर्मा और शिवम दुबे समेत कोई भी बल्लेबाज बड़ी






पारी नहीं खेल सका। इंग्लैंड की ओर से जोश टंग ने 4 विकेट लिए, जबकि जोफ्रा आर्चर ने 3 विकेट झटके। आदिल रशीद ने 2 और विल जैक्स ने 1 विकेट लिया। इंग्लैंड ने 5 मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली। इससे पहले इंग्लैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 201 रन बनाए थे। फिल सॉल्ट ने 44 गेंदों में 70 रन बनाए, जबकि सैम करन 24 गेंदों पर 41 रन बनाकर नाबाद रहे। जोस बटलर ने 36 रन की पारी खेली। भारत की ओर से हर्षित राणा और डेब्यू कर रहे प्रिंस यादव ने 2-2 विकेट लिए, जबकि अक्षर पटेल को 1 विकेट मिला। चौथा टी-20 ब्रिस्टल में 9 जुलाई को खेला जाएगा।

### भारत का अनचाहा रिकॉर्ड

भारत ने पावरप्ले में ही 5 विकेट गंवा दिए, जो टीम के टी-20 इतिहास में पहली बार हुआ है। दिलचस्प बात यह रही कि भारत ने पावरप्ले में इंग्लैंड से 5 रन ज्यादा बनाए, लेकिन इसके लिए 4 विकेट अधिक गंवाने पड़े। इससे पहले भारत 13 बार पावरप्ले में 4 विकेट गंवा चुका था। इनमें 2026 में दो मौके शामिल हैं, टी-20 वर्ल्ड कप में अमेरिका के खिलाफ और हाल ही में आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 में।

## विमेंस हंड्रेड में बर्मिंघम फीनिक्स के लिए खेलेंगी फातिमा सना

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने महिला क्रिकेट टीम की कप्तान फातिमा सना को 'विमेंस हंड्रेड टूर्नामेंट' खेलने की अनुमति दी है। फातिमा सना 'विमेंस हंड्रेड' में बर्मिंघम फीनिक्स का हिस्सा हैं। 21 जुलाई से शुरू होने वाले हंड्रेड के शुरुआती दो मुकाबलों में सना उपलब्ध नहीं रहेंगी। श्रीलंका के खिलाफ 28 जुलाई को वनडे सीरीज समाप्त होने के बाद वह हंबनटोटा से सीधे इंग्लैंड रवाना होंगी और टूर्नामेंट के बाकी मैचों में बर्मिंघम फीनिक्स के लिए खेलेंगी। 24 वर्षीय फातिमा सना हाल ही में हंड्रेड में चुनी जाने वाली पाकिस्तान की पहली महिला क्रिकेटर बनी थीं।



महिला क्रिकेट

# टी20 रैंकिंग में पांचवीं बार टॉप पर पहुंची बेथ मूनी

एजेंसी ▶▶| दुबई

विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 में 47.60 की औसत के साथ 238 रन बनाने वालीं बेथ मूनी महिला बल्लेबाजों की टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई हैं। मूनी इस संस्करण में सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ियों की सूची में दूसरे पायदान पर रहीं, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया को रिकॉर्ड सीतवीं बार खिताब जिताने में अहम योगदान दिया। ऐसा पांचवीं बार है, जब मूनी टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में टॉप पर पहुंची हैं। उनसे ज्यादा समय तक दुनिया की नंबर 1 बल्लेबाज रहने का रिकॉर्ड सिर्फ कैरन रॉल्टन के नाम है।



### मूनी हमवतन वोल को पछाड़ा

मूनी (785 रेटिंग) ने एक पायदान की छलांग लगाकर ऑस्ट्रेलिया की हमवतन जॉर्जिया वोल (779 रेटिंग) को पछाड़ दिया है, जो अब दूसरे पायदान पर पहुंच गई हैं। साउथ अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ड्ट (771 रेटिंग) को भी एक पायदान का नुकसान हुआ है, जो अब तीसरे स्थान पर खिसक गई हैं, उनके बाद चौथे स्थान पर हेली मैथ्यूज (754) और पांचवें पायदान पर भारत की स्मृति मंधाना (746) हैं।

### तीन स्थान ऊपर चढ़कर 11वें नंबर पर पहुंची ताजमिन ब्रित्ज

ताजा रैंकिंग में सबसे ज्यादा सुधार करने वालों में साउथ अफ्रीका की ताजमिन ब्रित्ज शामिल हैं, जो तीन स्थान ऊपर चढ़कर 11वें नंबर पर आ गई हैं। इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट शानदार वर्ल्ड कप अभियान के बाद पांच स्थान ऊपर चढ़कर 16वें नंबर पर पहुंच गई हैं। साइवर-ब्रंट की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में नाबाद 58 रन और साउथ अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल में 75 रनों की पारी ने रैंकिंग सुधारने में अहम भूमिका निभाई।

### कैलिफोर्निया और टेक्सास में खेला जा रहा टी20 एमएलसी का चौथा सत्र

# फुटबॉल के बीच अमेरिका में क्रिकेट की दस्तक

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

फुटबॉल विश्व कप के कारण इन दिनों अमेरिका में फुटबॉल का जुनून सिर चढ़कर बोल रहा है, लेकिन इसके साथ ही क्रिकेट भी तेजी से अपनी जगह बना रहा है और इसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।

देश की पहली पेशेवर टी20 प्रतियोगिता मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) का चौथा सत्र इन दिनों कैलिफोर्निया और टेक्सास में खेला जा रहा है। माना जा रहा है कि 2028 के लॉस एंजिलिस ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी और एमएलसी के विस्तार से अमेरिका में इस खेल को नई पहचान मिलेगी।



### एमएलसी में खेल रहे बड़े क्रिकेटर

एमएलसी में दुनिया के कई बड़े क्रिकेटर खेल रहे हैं। इनमें रविचंद्रन अश्विन, फाफ डु प्लेसिस, केशव महाराज, सुनील नारायण, मार्कस स्टोइनिस, कुसल परेरा, रचिन रवींद्र, हारिस रऊफ, उन्मुक्त चंद और जेसन होल्डर जैसे नाम शामिल हैं।

### पांच वर्षों में क्रिकेट का तेजी से हुआ विकास

भारत को 2012 में अंडर-19 विश्व कप जिताने वाले पूर्व कप्तान उन्मुक्त चंद अपने क्रिकेट करियर को आगे बढ़ने के लिए 2021 में अमेरिका चले गए थे। एलए नाइट राइडर्स के लिए खेलने वाले उन्मुक्त चंद ने कहा, '2021 में यहां आने के बाद पिछले पांच वर्षों में क्रिकेट का तेजी से विकास हुआ है। हर साल कुछ नया देखने को मिल रहा है। इस वर्ष हमें लॉस एंजिलिस में क्रिकेट का समर्पित स्टेडियम भी मिल गया है।' पिछले सप्ताह एलए नाइट राइडर्स ने कैलिफोर्निया के पोमोना में एक नए क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन किया, जिसे अमेरिका में क्रिकेट का स्थायी केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।




## खबर संक्षेप

### दमिश्क में हुए विस्फोट राष्ट्रपति मैक्रों सुरक्षित

**दमिश्क।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की सीरिया यात्रा के दौरान मंगलवार को राजधानी दमिश्क में कई विस्फोट हुए। मैक्रों जब सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा से मुलाकात के लिए राष्ट्रपति भवन पहुंचे थे, तभी 'फोर सीजन्स होटल' के निकट विस्फोट हुए। मैक्रों इसी 'फोर सीजन्स' होटल में ठहरे हुए हैं। वहीं फ्रांस के राष्ट्रपति के कार्यालय ने कहा कि राष्ट्रपति पूरी तरह सुरक्षित हैं और उनका सीरिया दौरा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जारी है। घटनास्थल से धुएं का बड़ा गुबार भी उठता दिखाई दिया।



### इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म भारतीय कानून से ऊपर नहीं

**नई दिल्ली।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) के असहयोगात्मक रवैये पर कड़ी नाराज़गी जताते हुए कहा कि बहुराष्ट्रीय डिजिटल मंच भारतीय कानून और जांच एजेंसियों के प्रति जवाबदेही से बच नहीं सकते। अदालत ने स्पष्ट किया कि भारतीय कानून का दायरा इतना व्यापक है कि वह किसी भी उल्लंघन तक पहुंच सकता है और दोषियों को न्याय के कटघरे में ला सकता है। यह टिप्पणी जस्टिस अजय भनोट और जस्टिस दिवेश चंद्र समंत की खंडपीठ ने एक साइबर अपराध मामले की सुनवाई के दौरान की। मामले की अगली सुनवाई 12 अगस्त 2026 को उपयुक्त पीठ के समक्ष होगी।

### पाक में आतंकी हमला 9 पुलिसकर्मियों की मौत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में मंगलवार को एक बांध परियोजना के चेकपोस्ट पर हमला हुआ। बंदूकधारियों ने नौ पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी और कई अन्य लापता हैं। एक वरिष्ठ जिला अधिकारी अब्दुल कुदूस ने बताया कि मंगी बांध परियोजना की रखवाली कर रहे एक चेकपोस्ट पर हमले के बाद नौ पुलिसकर्मी मारे गए हैं और कई लापता हैं। उन्होंने बताया कि कई पुलिस थानों के वरिष्ठ अधिकारी मृतकों में शामिल हैं। उन्होंने इस हमले के लिए इस्लामी आतंकवादियों को जिम्मेदार ठहराया।

### भारत के खिलाफ कराची में रची साजिश



**नई दिल्ली।** हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकी रहे बुरहान वानी की 10वीं बरसी पर कराची में आतंकियों के बड़े-बड़े आकाओं की एक गुप्त बैठक हुई। यह बैठक 5 जुलाई को लश्कर-ए-ताइबा के राजनीतिक संगठन पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग (पीएमएमएल) के मुख्यालय में हुई। बैठक में जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी गुटों से संबंधित 14 बड़े आतंकियों और आईएसआई से ताल्लुक रखने वालों ने शिरकत की। बैठक में बुरहान वानी की बरसी पर भारत विरोधी साजिश रची गई। इसमें कश्मीर घाटी के हिस्सों में बड़ी वारदातों को अंजाम देने के लिए युवाओं को हथियार पहुंचाने का टास्क सौंपा गया।

### पीएम मोदी ने इंडोनेशिया को याद दिलाए रामायण काल के रिश्ते

# भारत की नीति विस्तारवाद नहीं, विकासवाद दोनों आपसी सहयोग, विकास से आगे बढ़ेंगे

1 दोनों देशों के बीच समुद्र दूरी का नहीं, सेतु का प्रतीक

2 भारत-इंडोनेशिया के बीच अनंत छूने का सामर्थ्य

3 आतंकवाद जैसे विषयों पर दोनों देशों की एक राय

*पीएम मोदी ने कहा कि भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र है और इंडोनेशिया तीसरा सबसे बड़ा लोकतंत्र है। भारत की तरह इंडोनेशिया में भी सैकड़ों भाषाएं और परंपरा हैं। हम दोनों ने अपने लोकतंत्र में इस विविधता को अपनी एकता की नींव बना लिया है*



**लोकतंत्र और साझा संस्कृति मजबूत रिश्तों का प्रतीक**

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

पीएम मोदी ने इंडोनेशिया की संसद को संबोधित किया और दोनों देशों की साझा संस्कृति और विरासत पर बात की। पीएम मोदी ने कहा कि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने उनका जिस तरह से स्वागत किया, उसे वे कभी भूल नहीं सकते। यह दोनों देशों की लोकतांत्रिक विरासत, साझा संस्कृति और दोनों देशों के मजबूत होते रिश्तों का प्रतीक है।

आज भारत और इंडोनेशिया इतिहास के अहम मोड़ पर खड़े हैं। आने वाले 25 साल दोनों देशों के लिए अहम हैं। आज इंडोनेशिया की महान धरती से मैं आपके सामने दोनों देशों के साझा विकास का विश्वास लेकर आया हूं। मैं संकल्प लेकर आया हूं कि भारत और इंडोनेशिया पूरी दुनिया को नई ऊर्जा से भर देंगे।



इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ संसद में पीएम मोदी

## संबंधों को नई ऊंचाई देने की अपील

पीएम ने कहा कि भारत, दुनिया का वो देश है, जो विस्तारवाद नहीं विकासवाद की नीति पर चलता है। इसलिए हम भारत में कहते हैं सबका साथ, सबका विकास। आज मैं यही मंत्र, यही भावना लेकर इंडोनेशिया के आप सभी सांसद सदस्यों के बीच आया हूं। दोनों देशों के बीच समुद्र दूरी का नहीं, बल्कि सेतु का प्रतीक है। ये हमारे साझा भविष्य का केंद्र है। मैं आपसे भारत-इंडोनेशिया के संबंधों को नई ऊंचाई देने की अपील करता हूं।

### दोनों देशों के बीच रक्त और संस्कृति के संबंध

पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों का संबंध रामायण-महाभारत काल से है। हमारा संबंध नालंदा के ज्ञान से, संगीत और नृत्य से है। सदियों से पहले गुजरात से कुछ व्यापारी और सूफी संत समुद्र के रास्ते ही इंडोनेशिया आए थे। वे अपने साथ इस्लाम के विचार और इस्लाम के जीवन मूल्य भी लेकर आए। आज भी इंडोनेशिया की कला में उनकी छाप दिखाई देती है। इसलिए राष्ट्रपति सुकर्णो ने भी कहा था भारत और इंडोनेशिया के लोग रक्त और संस्कृति के संबंधों से जुड़े हैं।

### गणतंत्र दिवस के पहले मुख्य अतिथि थे राष्ट्रपति सुकर्णो

*पीएम मोदी ने कहा कि भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र हैं और इंडोनेशिया तीसरा सबसे बड़ा लोकतंत्र है। भारत की तरह इंडोनेशिया में भी सैकड़ों भाषाएं और परंपरा हैं। हम दोनों ने अपने लोकतंत्र में इस विविधता को अपनी एकता की नींव बना लिया है। 1950 में जब भारत ने पहला गणतंत्र दिवस मनाया था, उसमें पहले मुख्य अतिथि राष्ट्रपति सुकर्णो ही थे। राष्ट्रपति सुकर्णो और पंडित नेहरू ने कहा था कि आजाद देशों को अपने फैसले खुद लेने का अधिकार है।*

### द्विपक्षीय व्यापार 25 अरब डॉलर

*दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 25 अरब डॉलर पहुंचा है। भारत की 100 कंपनियां इंडोनेशिया में काम कर रही हैं। हालांकि आगे असीमित संभावनाएं हमारा इंतजार कर रही हैं। हम दोनों बड़ी समुद्री ताकत हैं और हम वैश्विक दक्षिण की आवाज भी हैं। भारत और इंडोनेशिया के बीच अनंत आकाश छूने का सामर्थ्य है। स्पेस टेक्नोलॉजी, क्षमता निर्माण, सैटेलाइन निर्माण में साथ काम कर सकते हैं।*

### पहलगाम हमले के समय इंडोनेशिया ने दिया साथ

*पीएम मोदी ने कहा कि आतंकवाद जैसे विषयों पर भारत और इंडोनेशिया की एक राय रही है। पहलगाम हमले के वक्त इंडोनेशिया ने भारत का समर्थन किया। भारत और इंडोनेशिया का मानना है कि सिक्योरिटी काउंसिल में सुधार जरूरी हैं और अब इन्हें टाला नहीं जा सकता। भारत मुक्त, समावेशी हिंद प्रशांत महासागर का समर्थक है और यहां नौवहन की आजादी का समर्थन है। हमारी एक्ट ईस्ट नीति भी आसियान पर केंद्रित है। भारत और इंडोनेशिया इस दिशा में निरंतर काम करते रहें।*

## लॉरेंस गैंग के खिलाफ यूएस-कनाडा व यूरोप में 50 से ज्यादा ठिकानों पर रेड

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

अमेरिका में एफबीआई ने गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई गैंग के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन चलाया है। एफबीआईऔर इसकी सहयोगी एजेंसियों ने 7 जुलाई को अमेरिका के कैलिफोर्निया समेत कई जगहों पर एक बड़ा ऑपरेशन चलाते हुए कम से कम 20 लोगों को हिरासत में लिया है और उनके पास से प्रतिबंधित समान और हथियार और ड्रग बरामद किया है।

एफबीआई और उसके एजेंटों के नेतृत्व में अमेरिका कनाडा और यूरोप में लगभग 50 से अधिकार जगहों पर रेड की गई. इन छापो में भारी मात्रा में प्रतिबंधित समान जब्त किया गया, रेड के दौरान भारी मात्रा में ड्रग भी बरामद हुआ है।

**एफबीआई ने चलाया ऑपरेशन हाईबाल'**

### गोल्डी बरार और जग्गू भगवानपुरिया के नेटवर्क पर भी निशाना

इस ऑपरेशन में लारेंस बिश्नोई गैंग उसके सहयोगियों गोल्डी बरार और जग्गू भगवानपुरिया से जुड़े नेटवर्क को निशाना बनाया गया। बता दें कि लारेंस बिश्नोई का गैंग से जुड़े कई वांटेड गैंगस्टर अमेरिका, कनाडा और यूरोप में अवैध तरीके से रह कर न सिर्फ भारत में अपने अपराध का साम्राज्य चला रहे हैं, रंगदारी वसूल कर रहे हैं। बल्कि कनाडा, अमेरिका और यूरोप में रह रहे भारतीयों को भी निशाना बनाकर उनसे रंगदारी वसूल रहे हैं।

**एसीबी ने वॉट्सएप चैट से पकड़ी चोरी**

## डीएसपी ने 27 साल में बनाई 300 करोड़ रुपये की संपत्ति

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

तेलंगाना एंटी-करप्शन ब्यूरो ने पुलिस महकमे के डीएसपी संकीरेड्डी भीम रेड्डी को आय से अधिक संपत्ति के मामले में अरेस्ट कर लिया। कोर्ट ने उसे 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसीबी ने डीएसपी भीम रेड्डी के तेलंगाना और कर्नाटक स्थित 16 ठिकानों पर छापेमारी की थी और 300 करोड़ रुपए की संपत्ति का पता लगाया था। डीएसपी ने अकूत दौलत 27 साल की नौकरी में बनाई थी। उसने अपने रिश्तेदारों और दोस्तों के नाम बेनामी संपत्तियां खरीद रखी थीं, जिसका पता उसके घरवालों को भी नहीं था। चार धाम यात्रा से पहले उसने अपने बेटों को प्रॉपर्टी, निवेश और काले धन के बारे में वॉट्सएप पर जानकारी दी थी। फिर एसीबी ने उसकी काली कमाई की बखिया उधेड़ दी।



### कॉन्स्टेबल से बने डीएसपी

भीम रेड्डी ने 1989 में बतौर कॉन्स्टेबल पुलिस विभाग में नौकरी शुरू की। 1995 में उन्हें सब-इंस्पेक्टर पद पर प्रमोट किया गया। 2010 में वह इंस्पेक्टर बने और 2017 में डीएसपी के पद पर प्रोन्नति हुई। 27 साल के कैरियर में संकीरेड्डी ने गोरखधंधा शुरू कर दिया। अभी उसकी तैनाती हैदराबाद में पुलिस कंप्यूटर सर्विसेज में थी।

## मातम के बीच होर्मुज में भारतीय सहित तीन जहाजों पर हमला

**वॉशिंगटन/तेहरान।** ईरान में जहां एक ओर दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई के अंतिम संस्कार समारोह का मातम छाया हुआ है वहीं होर्मुज में फिर से मिसाइलों के धमाके गूंजने लगे हैं जिससे पश्चिम एशिया में एक बार फिर तनाव गहरा गया है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, सोमवार रात ईरान की ओर से दागी गई मिसाइलों ने इस जलमार्ग से गुजर रहे तीन वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाया। इनमें जहाज भारत का भी है। इसमें चार भारतीय नाविक सवार हैं। यह घटना ऐसे समय सामने आई है, जब अमेरिका और ईरान के बीच होर्मुज क्षेत्र में हमलों को रोकने के लिए लागू एक सप्ताह का अस्थायी समझौता समाप्त हो चुका है। इस घटनाक्रम के बाद अमरीका भड़क गया है और उसने ईरान पर समझौता करने अन्यथा सब कुछ खत्म करने की धमकी दे दी है। हमले से कुछ दिन पहले कतर की राजधानी दोहा में अमेरिका और ईरान के बीच होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा को लेकर अप्रत्यक्ष बातचीत हुई थी। दोनों पक्षों के बीच तनाव कम करने और समुद्री मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई, लेकिन कोई ठोस समझौता सामने नहीं आया।

## बहरीन पहुंचे जयशंकर, राजा खलीफा व क्राउन प्रिंस से मिले

एजेंसी ▶▶| मनामा

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को बहरीन के राजा हमद बिन ईसा अल खलीफा से मुलाकात कर भारत-बहरीन द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत बनाने के उपायों पर चर्चा की।



उन्होंने क्राउन प्रिंस एवं प्रधानमंत्री सलमान बिन हमद अल खलीफा से भी भेंट की और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तथा पीएम नरेंद्र मोदी की शुभकामनाएं पहुंचाईं। जयशंकर ने बहरीन में भारतीय समुदाय की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए राजा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारत-बहरीन संबंधों को आगे बढ़ाने में राजा का मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## बद्रीनाथ में चढ़ावा चोरी: कमेटी अध्यक्ष का निजी सचिव सस्पेंड

एजेंसी ▶▶| देहरादून

बद्रीनाथ मंदिर में चढ़ावा चोरी मामले में बड़ा एक्शन हुआ है। बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने कमेटी अध्यक्ष के निजी सचिव और आरोपी प्रमोद नौटियाल को सस्पेंड कर दिया है। आरोपी को 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया गया है। मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला गया। इस दौरान खुलासा हुआ कि प्रमोद नौटियाल ने थाली भेंट गणना स्थान पर सामान्य गिनती के अलावा कुछ चीजें अपने मोबाइल के साथ अपने पास रख ली थी। ये पूरा मामला सीसीटीवी कैमरे में ऑन कैमरा कैद हुई है। मंदिर समिति ने इस फुटेज और सबूतों के आधार पर आरोपी से 48 घंटे के भीतर लिखित सफाई मांगा है कि उसने अपने पास क्या रखा था। समिति का कहना है कि ये हरकत सामान्य थाली भेंट गणना प्रक्रिया के बिल्कुल खिलाफ है। समिति ने प्रमोद नौटियाल को चेतावनी दी है कि अंगर वो सफाई नहीं देते हैं तो उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सीआईए एजेंट बताकर भरोसा जीता और लगा दिया चूना

**बोला-36 फाइटर प्लेन, मिलिट्री सिस्टम दिला दूंगा**

## इंडोनेशियाई राष्ट्रपति से भारतवंशी बिजनेसमैन ने ठगे 425 करोड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका में धोखाधड़ी के मामलों का सामना कर रहे भारतवंशी कारोबारी गौरव श्रीवास्तव पर अब इंडोनेशिया में भी बड़े फर्जीवाड़े का आरोप लगा है। ओसीसीआरपी और इंडोनेशियाई मैगजीन टेम्पो की रिपोर्ट के मुताबिक, गौरव ने खुद को सीआईए एजेंट बताकर राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो (तब रक्षा मंत्री) का भरोसा जीता और रक्षा सौदों के नाम पर 425 करोड़ रुपये का फर्जी कर्ज मंजूर करा लिया। रिपोर्ट के अनुसार, गौरव ने 36 एफ-15 लड़ाकू विमान, ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टर और मिलिट्री कमांड सिस्टम दिलाने का दावा किया। जांच में पता चला कि जिन चार कंपनियों के जरिए उसने पांच रक्षा सौदे हासिल किए, वे सभी शेल कंपनियां थीं। बाद में टैक्स नहीं चुकाने पर इन्हें बंद कर दिया गया। सिर्फ 36 एफ-15 लड़ाकू विमानों की संभावित डील ही करीब 1.32 लाख करोड़ रुपये की थी। बताया गया है कि यह कथित फर्जीवाड़ा 2020 से 2022 के बीच हुआ। आरोप है कि इसी रकम से गौरव ने लॉस एंजिलिस में करीब 208 करोड़ रुपये का आलीशान बंगला खरीदा। अमेरिका में उसके खिलाफ 2024 से धोखाधड़ी समेत कई मामले दर्ज हैं।



2020 से 2022 के बीच हुआ फर्जीवाड़ा अमेरिका में धोखाधड़ी का सामना कर रहे गौरव श्रीवास्तव

### प्रबोवो गौरव को मिस्टर जी बुलाते कहते थे

रिपोर्ट के मुताबिक गौरव ने प्रबोवो का इतना भरोसा जीत लिया था कि वे उसे 'मिस्टर जी' कहकर बुलाते थे। उसने राष्ट्रपति के निजी जीवन से जुड़ी ऐसी जानकारियों का भी इस्तेमाल किया, जो केवल उनके करीबी लोगों को पता थीं। इनमें यह बात भी शामिल थी कि प्रबोवो अपने घर के मकड़ी के जालों को प्रकृति का हिस्सा मानते हैं और उन्हें साफ नहीं कराते।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28